

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | सोमवार, 09 फरवरी 2026 | वर्ष: 03, अंक: 333 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं: पीएम मोदी

**पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई, तमिल भाषा भारत-मलेशिया को जोड़ती है; दोस्त से किया वादा निभाने मलेशिया आया: मोदी**


**कुआलालंपुर/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे का दूसरा दिन रहा। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया। उन्होंने कहा, ह्यआतंकवाद के बारे में हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे। पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी। पीएम मोदी ने मलेशियाई पीएम को अपना दोस्त बताया। उन्होंने कहा-

**पीएम मोदी ने 10वें उएड फोरम में भाग लिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम के दौरान आज मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की।

उन्होंने पेट्रोनास के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बर्जया कॉर्पोरेशन बर्हाद के संस्थापक तन श्री दातो' सेरी विंसेंट, खजानाह नेशनल बर्हाद के डायरेक्टर दातो' अमीरुल फैसल वान जाहिर और फाइसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते कारोबारी संबंधों की सराहना की और मलेशियाई कंपनियों में भारत की विकास यात्रा के प्रति गहरी रुचि देखकर प्रसन्नता जताई। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने पीएम मोदी के लिए लंच का आयोजन किया। भोजन के दौरान 'नालाई नमाठे', बजाया गया। यह महान मारुदुर गोपालन रामचन्द्रन अभिनीत फिल्म का गीत है। तमिल फिल्मों के अभिनेता और राजनीतिज्ञ थे। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने पीएम मोदी के





## तमिल भाषा मलेशिया की सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा: प्रधानमंत्री मोदी

पीएम ने कहा कि कहा कि किसी भी साझेदारी को सफल तभी माना जाता है, जब उसका लाभ सीधे लोगों तक पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्यतमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आज



हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव पर जोर दिया और तमिल भाषा और तमिल सिनेमा को लोगों के बीच भावनात्मक निकटता बढ़ाने का जरिया बताया।

उन्होंने कहा कि यह समझौता फिल्म और संगीत के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा, जिससे भारत-मलेशिया के संबंध और अधिक गहरे होंगे।

## दोनों देशों की भाषाओं में मौजूद है समान शब्द: पीएम मोदी

एआई और डिजिटल तकनीकों के साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भी साझेदारी बढ़ेगी।

2025 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 18.59 अरब डॉलर तक पहुंचा।

भारत सरकार मलेशिया के कोटा किनाबालू में वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) खोलेगा। ऑडियो-विजुअल समझौते से तमिल फिल्मों और संगीत को बढ़ावा मिलेगा। मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई डिजिटल इंटरफेस जैसी व्यवस्थाओं पर फोकस।

स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमति।

आतंकवाद पर कड़ा रुख- कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। पीएम मोदी के मलेशिया दौरे से जुड़े पल-पल के अपडेट्स जानने के लिए नीचे ब्लॉग से गुजर जाइ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया की अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त करने के बाद कुआलालंपुर हवाई अड्डे से रवाना हुए।



## यूपीआई और नि:शुल्क ई-वीजा टूरिज्म को बढ़ाएगा: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया दौरे से जुड़ी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उन्होंने कहा- भारत-मलेशिया की दोस्ती हमारे लोगों पर टिकी है। सामाजिक सुरक्षा समझौता, पर्यटन के लिए निःशुल्क ई-वीजा और मलेशिया में वढक का आगमन हमारे लोगों को और भी करीब लाएगा और टूरिज्म को बढ़ावा देगा। मोदी ने बताया कि हम दोनों देश विश्वविद्यालय बढ़ाने और अपने युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसर पैदा करने के लिए भी काम कर रहे हैं।

**मोदी बोले- भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए इंतजाम किए**

नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्यमलेशिया में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा, और पर्यटन के लिए यूपीआई डिजिटल इंटरफेस जैसी व्यवस्थाएं दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगी।

# आर्मेनिया ने पहली बार सीडीएस जनरल चौहान के सामने दिखाए भारत से खरीदे हथियार

**नई दिल्ली।**

भारत से खरीदे गए हथियारों का आर्मेनिया ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शन किया है। भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल अनिल चौहान इस समय आर्मेनिया दौरे पर हैं। उनके सामने आर्मेनियाई और भारतीय हथियारों के अलग-अलग यूएवी और आर्मेनिया में बनाए गए हवाई बमों के लिए सुधार मॉड्यूल भी दिखाए गए। प्रदर्शित किये गए हथियारों में भारत से मिले आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, पिनाका मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम और सेल्फ प्रोपेल्ड हॉवित्जर हैं।

हाल के वर्षों में आर्मेनिया के साथ भारत के रक्षा संबंध और भी गहरे हुए हैं। आर्मेनिया ने साल 2022 में पहले विदेशी खरीदार के तौर पर भारत को 720 मिलियन डॉलर में 15 आकाश मिसाइल प्रणालियों का ऑर्डर दिया था।






# भारतीय वागीश्वरी पीठ, मुंबई के प्रयागराज केंद्र का उद्घाटन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भारतीय वागीश्वरी पीठ, मुंबई के प्रयागराज केंद्र का उद्घाटन सिविल लाइंस में हुआ। प्रयागराज केंद्र का मुख्यालय 15/6, स्टेनली रोड, सिविल लाइंस, प्रयागराज होगा। मुंबई स्थित मुख्यालय की निदेशक उद्योगपति श्रीमती श्वेता सिंह ने प्रयागराज केंद्र के लिए पदाधिकारियों का चयन किया। इसमें संरक्षक- प्रोफेसर कीर्ति कुमार सिंह, अध्यक्ष- डॉ. नंदिता सिंह, सचिव- डॉ. मनीष कुमार यादव, संयोजक- डॉ. हर्षमणि सिंह बनाए गए हैं।




डॉ. नंदिता सिंह ने बताया कि निदेशक श्रीमती श्वेता सिंह के अनुसार भारतीय वागीश्वरी पीठ मुख्य रुप से साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा, परंतु इसका मुख्य कार्य हिंदी साहित्य में विभिन्न पुरस्कारों का वितरण होगा। कोई भी पुरस्कार एक लाख रुपये से कम का नहीं होगा। सारे पुरस्कारों का संचालन प्रयागराज केंद्र से किया जायेगा। यह पुरस्कार पूरी तरह से रचनाओं की गुणवत्ता के आधार पर दिया जायेगा। बताया कि पहला पुरस्कार शीघ्र ही घोषित किया जायेगा। यह पुरस्कार लघुकथा के लिए होगा। इसकी राशि एक लाख रुपए होगी। दूसरा पुरस्कार दो-तीन साल बाद शुरू होगा और यह पुरस्कार आलोचना के लिए होगा। प्रोफेसर योगेंद्र प्रताप सिंह (कोटवा) नाम से आलोचना पुरस्कार होगा। इसकी राशि भी एक लाख रुपए होगी। इसी तरह हिंदी साहित्य की अन्य विधाओं के लिए भी धीरे-धीरे पुरस्कार घोषित किये जाएंगे। एक पुरस्कार पत्रकारिता के लिए भी देने की योजना है।

डॉ. नन्दिता सिंह के मुताबिक, संस्था के अधिकांश कार्यक्रम प्रयागराज में आयोजित किए जाएँगे, परन्तु बीच-बीच में संस्था के कार्यक्रम मुम्बई और दिल्ली में भी होते रहेंगे। संस्था के निदेशक के अनुसार भविष्य में भारतीय वागीश्वरी संस्थान का एक केन्द्र नयी दिल्ली में भी खोलने का प्रयास किया जाएगा। प्रयागराज केंद्र के उद्घाटन के साथ सभी पदाधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण कर भविष्य की रुपरेखा पर विचार विमर्श किया।

## बकेवर पुलिस द्वारा बलात्कार का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश बकेवर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



थाना बकेवर पुलिस द्वारा दुष्कर्म से संबंधित वांछित अभियुक्त रोहित सविता पुत्र विजयशंकर सविता निवासी बिजुरी थाना बकेवर जनपद फतेहपुर हालमुकाम कस्बा बकेवर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 23 वर्ष को नारायण ढाबा के पास से बहदकस्बा बकेवर से समय करीब 10.45 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय फतेहपुर के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया ।

## एसपी के निर्देश पर चला स्वच्छता अभियान





**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । रविवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पुलिसकर्मियों द्वारा उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए थाना परिसर, कार्यालय भवन, अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना, हवालात तथा आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की गई। साथ ही कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यस्थल सुनिश्चित किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस कार्यालयों में स्वच्छ, अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखना तथा ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व के संदेश को आत्मसात करना रहा। इस अवसर पर समस्त पुलिसकर्मियों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास प्रतिदिन स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा आम जनमानस को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है, अतः सभी थाना एवं कार्यालय परिसरों को सदैव साफ-सुथरा एवं सुव्यवस्थित रखा जाए।

यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है और आगे भी इसी तरह जारी रहेगा, जिससे पुलिस विभाग में एक आदर्श एवं अनुकरणीय वातावरण स्थापित हो सके।

## राधानगर पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा, 10 किलो गांजा बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर** । एसपी अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना राधानगर पुलिस द्वारा रविवार को जखनी अण्डर बाई पास के नीचे बहदग्राम जखनी थाना राधानगर जनपद फतेहपुर से अभियुक्त विनायक उर्फ वासू बाजपेई पुत्र महेश बाजपेई निवासी कस्बा मलवा थाना मलवा जनपद फतेहपुर उम्र 21 वर्ष को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया।



**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः**

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौर्य थाना राधानगर.उ0नि0 विनोद कुमार सिंह.उ0नि0 रोहित यादव।

# एसएसपी द्वारा थाना खुर्जा देहात का किया वार्षिक निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना खुर्जा देहात का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना खुर्जा देहात पहुँचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया।



निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी खुर्जा देहात को मालों के निस्तारण करने, डाक रजिस्टर व अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने, थाना परिसर में साफ-सफाई रखने एवं प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना खुर्जा देहात परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने थाना परिसर में पौधरोपण कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया।

## सराय अकिल पुलिस द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । तीस जनवरी को थाना सराय अकिल पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त सत्यम यादव मेरी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सराय अकिल में तत्काल सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया ।




उपरोक्त क्रम में रविवार को थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सत्यम यादव पुत्र सन्तलाल यादव निवासी महिला उपरहार थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

# बाजार की महिलाओं को मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद कौशाम्बी के समस्त थानों द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेजझ्र5.0, साइबर जागरूकता अभियान एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गईं।

अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजन को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं शासन द्वारा उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना रहा।



अभियान के दौरान निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी विस्तार से दी गई, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन

1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन

जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा एवं नारी स्वावलंबन के लक्ष्यों को लेकर आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## महिलाओ व बालिकाओ को दहेज से संबंधित बढ़ते प्रकरणों के संबंध में जागरूक किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में रविवार को थाना राधानगर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना राधानगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम ढकौली में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें करीब 65 से 70 की संख्या में महिलाएं और बालिकाओं ने भागीदारी की । उक्त सम्मेलन के तहत महिलाओ व बालिकाओ को दहेज से संबंधित बढ़ते प्रकरणों के संबंध में जागरूक किया गया एवं थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया । महिला सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे जानकारी दी गयी ।



## मंझनपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त मनीष चन्द्र मौर्य पुत्र रामदीन मौर्य निवासी ग्राम भरसंवा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।




# चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की केबिल व 7 माड्यूल फाइबर केबिल बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत चोरी से सम्बंधित वांछित अभियुक्त राहुल शेख उर्फ कलीम शेख पुत्र बदरु जमाल उर्फ बबलू शेख उर्फ मिस्टर हाल पता फूलबाग थाना गोपीगंज जनपद भदोही उ0प्र0 व मूल निवासी ग्राम चचकी थाना पाकुड़ जनपद पाकुड़ राज्य झारखण्ड को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत कस्बा हण्डिया स्थित नलकूप कालोनी के पास से उपरोक्त दोनों मुकदमों में चोरी हुए ।



कुल 72.5 फीट पावर केबिल व 07 माड्यूल फाइबर केबिल तथा घटना में प्रयुक्त 01 स्टील की आरी के साथ गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्त उपरोक्त द्वारा दिनांक-4 फरवरी को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ढेढ़ा गांव के पास रिलायन्स जियो कम्पनी के टावर की पावर केबिल तथा शुक्रवार को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ए0टी0 नगर के पास इण्डस टावर से 07 माड्यूल फाइबर केबिल व पावर केबिल चोरी की गयी थी।

जिसके सम्बंध मे थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-58/26 तथा मु0अ0सं0-60/26 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 नितेन्द्र कुमार शुक्ला, थाना हण्डिया. उ0नि0 राम मिलन यादव. उ0नि0 गौतम कुमार, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## नवाबगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से पीडिता/अपहृता सकुशल बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

नवाबगंज। पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नबावगंज पर पंजीकृत अपहरण से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राहुल पटेल पुत्र स्व0 सुरेश कुमार पटेल निवासी काटी अखैवरपुर थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को थाना नबावगंज पुलिस टीम द्वारा रविवार को थाना नबावगंज क्षेत्रान्तर्गत भगौतीपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया तथा साक्ष्य संकलन एवं पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-64(1) भा0न्या0सं0 व श्पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।




गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 रिजवान अस्करी. उ0नि0 अमित कुमार चौबे. उ0नि0 कमलेश कुमार.

म0उ0नि0 सोनम कुमारी, थाना नबावगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## कैंप में दो सौ लोगों का हुआ इलाज, दो गई आयुष्मान की जानकारी

### चायल के कसेंदा गांव में आयोजित कैंप

**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** : विकास खंड क्षेत्र के कसेंदा गांव में रविवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का दवा इलाज और आयुष्मान कार्ड के लाभ उसके उपयोग की जानकारी दी गई।




कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम एवं ग्राम प्रधान सुखलाल यादव की अगुवाई में आयोजित कैंप में पहुंचे प्रयागराज मुंडेरा ट्रांसपोर्ट नगर के मैनेजर पुष्पराज सिंह सहित चिकित्सकों की टीम सुबह दस बजे कैंप में पहुंची। इस बीच स्थानीय गांव और इलाके के फतेहपुर - सहावपुर, लोकीपुर, कुंदनपुर, मुरादपुर आदि के लोग अपने स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज कराने के लिए पहुंचे। सर्दी खांसी, जुकाम, बुखार, खुजलाहट, दांत आदि की समस्याओं का इलाज चिकित्सकों ने किया। ढाई बजे तक चले निःशुल्क दवा इलाज में करीब दो सौ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण इसमें बीमार मिले लगभग 120 लोगों का दावा इलाज किया गया। इस बीच मैनेजर ने बताया कि इलाज के अभाव में किसी की मौत नहीं हो कोई दवा इलाज से वंचित नहीं रहे। इसके लिए सरकार अनेकों स्वास्थ्य संबंधित योजनाएं चला रही है। इसमें आयुष्मान योजना सबसे लाभकारी है। इसे बनवाना बहुत ही जरूरी है। जिनका कार्ड नहीं बना है वह अपना मुख्य कार्य समझकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं । जिससे पांच लाख रुपये तक का किसी भी दशा में इलाज करवाया जा सकता है। इस बीच दस लोगों से आयुष्मान कार्ड के आवेदन भराया गया। इस बीच डॉ आशीष शुक्ला, महिला रोग विशेषज्ञ हिदा हाशमी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्रा हाशमी आदि चिकित्सक और स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं के बारे में महिलाओं को किया जागरुक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में रविवार को नगर जोन के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम व जागरूकता रैली में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही "मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत नगर जोन के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और



सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# सोरांव में बीएलओ के पास बंद लिफाफे में मिले सैकड़ों भरे फार्म –7

## सपाइयों ने एसडीएम का घेराव कर ज्ञापन सौंपा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सोरांव विधानसभा क्षेत्र में कई बूथों पर तैनात बीएलओ के पास से बंद लिफाफे में सैकड़ो की संख्या में फार्म 7 पाए गए। उनमें मतदाताओं के नाम और व्योरा दर्ज है। बताया गया कि इन सभी के नाम काटने के निर्देश दिए गए हैं।

ज्यादातर एक ही समुदाय के हैं।बीएलओ के संपर्क में आये ऐसे सैकड़ों मतदाताओं को जब उनके ही नाम काटे जाने के लिए भरे गए फार्म की जानकारी हुई तो वह भौचक रह गए। घबराये लोगो ने इस प्रकरण को समाजवादी पार्टी के नेताओं से साझा किया। सपा नेताओंने आज एसडीएम सोराव से मिलकर मामले से अवगत कराया। बताया जा रहा है कि कार्रवाई की मांग पर वह जाँच करने का बहाना बता कर चले गए।



सपा नेताओं ने पूरे प्रकरण की जानकारी पार्टी नेतृत्व को देते हुए जिलाधिकारी से भी फोन पर बात की और एक ज्ञापन एडीएम पूजा शुक्ला को सौंपा है। सपा नेताओं ने मांग की है कि फार्म पर हस्ताक्षर करने वाले के खिलाफ तत्काल विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाये और पूरे प्रकरण कि गहराई से जाँच की जाये।

सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार, इस मामले को लेकर सोमवार को पत्रकार वार्ता भी बुलाई गई है जिसमें पूरे प्रकरण को मीडिया के समक्ष रखा जायेगा।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, अमर नाथ मौर्य, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, संगम लाल मौर्य, ब्लाक प्रमुख मो इम्तियाज शमी, अरविन्द केसरवानी, तारिक सईद अज्जू, नाटे चौधरी, मो एरम रब्बानी, आफतब आलम, कुलदीप यादव, श्याम सिंह बच्चा, जगदीश यादव, जय भारत एडवोकेट, मो शारिक, आदि रहे।।

## 29वीं अर्न्तजनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता

**महिला पुरुष खिलाड़ियों ने मैदान में दिखाए जौहर**



**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** 29वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरुष) कुश्ती, बाक्सिंग, बॉडीबिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता वर्ष-2026 प्रयागराज जोन, प्रयागराज का शुभारम्भ राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद कौशाम्बी द्वारा किया गया। इस दौरान प्रयागराज जोन की सभी टीमों के टीम मैनेजर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत की गयी ।

आज का पहला उद्घाटन मैच कुश्ती (पुरूष वर्ग) 60 किलोग्राम भार वर्ग में जनपद प्रयागराज के आरक्षी अजीत कुमार एवं जनपद फतेहपुर के आरक्षी अंशुल चौधरी के मध्य खेला गया जिसमें जनपद प्रयागराज के आरक्षी अजीत कुमार ने जनपद फतेहपुर के आरक्षी अंशुल चौधरी को पराजित कर विजयी रहे। दूसरा मुकाबला कुश्ती (पुरूष वर्ग) 65 किलोग्राम भार वर्ग में जनपद कौशाम्बी के आरक्षी राजेश कुमार यादव एवं जनपद प्रतापगढ़ के आरक्षी मुकेश कुमार के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कौशाम्बी के आरक्षी राजेश कुमार यादव ने जनपद प्रतापगढ़ के आरक्षी मुकेश कुमार को पराजित कर विजयी रहे ।

इसी प्रकार कुश्ती (महिला वर्ग) 55 किलोग्राम भार में जनपद प्रयागराज के महिला आरक्षी मांशी यादव एवं जनपद कौशाम्बी के महिला आरक्षी दीपा पाण्डेय के मध्य खेला गया जिसमें जनपद प्रयागराज की महिला आरक्षी मांशी यादव ने जनपद कौशाम्बी की महिला आरक्षी दीपा पाण्डेय को पराजित कर विजयी रही। तथा कुश्ती (महिला वर्ग) 55 किलोग्राम भार में जनपद कौशाम्बी की महिला आरक्षी पूजा पटेल एवं जनपद चित्रकूट के महिला आरक्षी रूबी के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कौशाम्बी की महिला आरक्षी पूजा पटेल ने जनपद चित्रकूट की महिला आरक्षी रूबी को पराजित कर विजयी रही ।

इस अवसर पर जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय क्षेत्राधिकारी लाइन/कौशाम्बी, देवपाल प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी आरटीसी शिवचरन राम, उ0नि0 कालका प्रसाद एवं जनपद के अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मिस्टर ऋषिकुल सुविज्ञ , मिस ईशा वशिष्ठ

**परिश्रम की प्रेरणा के साथ दी विदाई**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** पतंजलि ऋषिकुल तेलियरगंज विद्यालय में बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मिस्टर ऋषिकुल सुविज्ञ पटेल, मिस ऋषिकुल ईशा वशिष्ठ तथा स्टूडेंट आफ द ईयर आयुष तिवारी चुने गए। विद्यालय की निदेशक रेखा बैद्य ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने इनर्जी अनलेस्ड नृत्य की प्रस्तुति से सभी का ध्यान खींचा। गेस द लिटिल स्टार जैसी गतिविधि में भी खूब उत्साह नजर आया। हास्य नाटिका धुरंधर की प्रस्तुति ने सभी को लोट पोट किया। समूह गीत की प्रस्तुतियों से भी विद्यार्थियों ने तालियां बंटोरी। 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी स्मृतियों को साझा किया और केक भी काटा। इस मौके पर प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह, डा. कृष्णा गुप्ता, यशोवर्धन आदि मौजूद रहे। सभी ने छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दिया।

## डिवीजनल वार्डन एल के अहेरवार को पदोन्नति, दी शुभकामनाएं

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** डीएम एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा के आदेश पर नागरिक सुरक्षा प्रयागराज के वार्डन सेवा- 14 सदस्यों का प्रखंड कर्नलगंज के अंतर्गत अवैतनिक पदों पर नियुक्ति एवं नवीनीकरण किया गया। प्रखंड कर्नलगंज के डिप्टी डिवीजनल वार्डन एल के अहेरवार की पदोन्नति एवं नव नियुक्ति स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन के रिक्त पद पर की गई है। प्रखंड कर्नलगंज के घटना नियंत्रण अधिकारी आशीष बाजपेई की तैनाती प्रखंड कर्नलगंज में डिप्टी डिवीजनल वार्डन के पद पर की गई है। उक्त आदेश को कार्यालय द्वारा जारी किया गया तथा संबंधित सदस्यों को उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज मिश्रा, चीफ वार्डन अनिल कुमार ,डिप्टी चीफ वार्डन संजीव कुमार बाजपेई ,सहायक उप नियंत्रक राकेश कुमार तिवारी, डिवीजनल वार्डन डॉ शशांक ओझा तथा विभिन्न प्रखंडों के सदस्यों ने प्रखंड कर्नलगंज के डिप्टी डिवीजनल वार्डन एल के अहेरवार को पदोन्नति की शुभकामनाएं दी ।

## झूंसी पुलिस द्वारा 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**राम सिंह यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**




**झूंसी प्रयागराज।** झूंसी पुलिस वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भज दिया।

थाना झूंसी पुलिस द्वारा अपहरण से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अर्जुन कुमार वर्मा पुत्र अमिरका प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम सुक्खा पुरवा राजापुर थाना धानेपुर जनपद गोण्डा को रविवार को झूंसी बस स्टैण्ड के पास गारापुर रोड थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार किया गया, डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रंजीत सोनकर उर्फ आर्यन सोनकर पुत्र कैलाश सोनकर निवासी नारायण दास का पुरा थाना झूंसी प्रयागराज को रविवार को अभियुक्त के घर छिबैया तथा झूंसी से गिरफ्तार किया गया नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## संगम में प्रवाहित हुई अजित पवार की अस्थियां

### बेटे जय पवार समेत करीबी रहे मौजूद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** एनसीपी सुप्रीमो और महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. अजित पवार का बेटे जय पवार ने अस्थि कलश का पूजन के बाद विधि-विधान से संगम में विसर्जन किया। इस दौरान बडी संख्या में एनसीपी पदाधिकारी, कार्यकत्ताओं ने नम आंखों से विदाई दिया।

महाराष्ट्र के बारामती से शनिवार सुबह जेट विमान से परिवार के सदस्यों और करीबियों के साथ आये जय पवार ने संगम पहुंच कर अपने पिता को सनातनी परंपरा के अनुसार संगम के वीआईपी घाट पर अस्थि कलश संगम पर रखकर पूजन अर्चन कर संगम में प्रवाहित किया। इस दौरान एयरपोर्ट और घाट से लेकर पूरा शहर अजित दादा को श्रद्धांजलि देने वाले पोस्टर से पटा रहा।



गौरतलब है कि विमान दुर्घटना में हुये निधन के उपरांत एनसीपी की युवा इकाई राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा की अगुवाई में कश्मीर से कन्याकुमारी तक अजित पवार की 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली थी, जिसका समापन आज बेटे और परिवार की मौजूदगी में संगम पर हुआ।

राष्ट्रवादी नेता धीरज शर्मा ने बताया कि यह परिवार समेत लाखों राष्ट्रवादी कार्यकताओं और दादा के समर्थकों के लिये बहुत भावुक पल हैं। अस्थि कलश यात्रा को लेकर हरिद्वार से तेलंगाना तक गया, हमारे साथी कई राज्यों में गये, जो हमने दादा के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और प्यार देखा उससे यह महसूस हुआ कि अजित दादा सिर्फ महाराष्ट्र तक सीमित नहीं बल्कि बड़ी राष्ट्रीय राजनैतिक शख्सियत थे। अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में अजीत विक्रम सिंह समेत बड़ी संख्या में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## एस0पी0एस0एन0 कॉलेज के मेधावी सम्मान समारोह में विधायक ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन

**राम सिंह यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**सहसों।** रविवार को वजीरपुर के एस० पी० एस० एन० इंटर कॉलेज में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक दीपक पटेल अतिथि ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपक पटेल ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है इसलिए सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। विधायक ने कहा कि आज के छात्र ही कल का भविष्य हैं ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है।



सदस्य विधान परिषद सुरेंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करते हुए लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

विधायक दीपक पटेल एवं विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने विद्यालय के विकास के लिए अपनी निधि से पांच पांच लाख रुपए अनुदान देने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुपम त्रिपाठी, प्रबंध समिति सदस्य शशिकांत त्रिपाठी, आलोक कुमार त्रिपाठी,अरुण मिश्रा उर्फ पिंटू नेता, कपिल पटेल, मानवेन्द्र सिंह उर्फ जेलर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश शुक्ला, डब्लू पाण्डेय, प्रबंधक विनय तिवारी, विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, भूपेन्द्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म से लोगों को जोडना है उददेश्य : स्वामी राजेश्वरी नंद गिरि

### श्री श्री 108 काल भैरव, बउचरा माता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008

स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि (रोज मौसी) ने आज कहा कि किन्नर अखाड़ा सनातन धर्म से अधिक से अधिक लोगों को जोडते हुए आगे बढ रहा है क्योंकि किन्नर अखाड़ा के गठन के बाद से बडी संख्या में लोग तेजी से सनातन धर्म से जुडकर मजबूत कर रहे है।





उन्होंने कहा कि इसका सारा श्रेय किन्नर अखाडा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) श्री श्री 1008 किन्नर पीठाधीश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज को है जिन्होंने देश, विदेश के लाखों लोगों को सनातन धर्म से जोडकर नया इतिहास बना दिया।

**महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008**

स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि (रोज मौसी) ने आज बताया कि तीन दिवसीय श्री श्री 108 काल भैरव और बउचरा माता के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम सात मार्च से शुरू होकर नौ मार्च तक श्री मंगलमुखी धाम, बंधा पोखर के सामने, देवघर में चलेगा।

## सीएम संतों, सनातन धर्मावलंबियों की आशा, पीएम बनने की योग्यता : प्रभु जी

**शिव साधना के साथ जारी रहेगा अन्न दान**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** ओम नमः शिवाय संस्थान के संस्थापक प्रभु जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन धर्म के सच्चे रक्षक और संरक्षक है। उन्होंने कहा कि पीएम और सीएम ने संतों और सनातन धर्मावलंबियों की आशा के अनुरूप काम किया है। घृणित मानसिकता वाला व्यक्ति ही इनकी कार्यप्रणाली पर अनर्गल प्रश्नचिह्न लगा सकता है। यह बातें ओम नमः शिवाय संस्थान के संस्थापक प्रभु जी ने आज कही। परेड मैदान स्थित शिविर में श्रद्धालुओं से ओम नमः शिवाय संस्थान के संस्थापक प्रभु जी ने कहा कि कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ से हमें काफी आशा है। पीएम मोदी के बाद उनके अंदर प्रधानमंत्री बनने की योग्यता है। इस मंशा की पूर्ति के लिए निरंतर अनुष्ठान कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि माघ मेला के बाद भी शिव साधना और अन्न दान चलता रहेगा। माघ मेला शुरू होने से पहले अक्टूबर माह से कर्मचारियों व श्रमिकों के निमित्त भंडारा शुरू किया गया था। मेला के दौरान दो दर्जन स्थानों पर 24 घंटे लोगों को भोजन कराया गया। इसमें लगभग तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होने बताया कि 49 वर्ष से ओम नमः शिवाय संस्थान सेवा कार्य कर रहा है।

ओम नमः शिवाय संस्थान के व्यवस्थापक शिवम सिंह ने बताया कि माघ मेला के दौरान 38 डीसीएम आलू, 15 ट्क आटा, 25 ट्क चावल, पांच ट्क बेसन, 45 डीसीएम सब्जी, 50 कुंतल मसाला, पांच हजार किलो दही, 5000 लीटर दूध सहित अन्य खाध सामाग्रियों का प्रयोग भण्डारे में किया गया। 480 ट्रैक्टर लकड़ी और गैस का प्रयोग खाना बनाने मे किया गया। परेड की लाल रोड, त्रिवेणी मार्ग, दारागंज के गल्ला मण्डी और संगम लोवर चौराहे पर भोजन बनता था, जबकि 20 बैटरी वाले रिक्शे सहित अन्य दर्जनभर गाड़ियों से मेला क्षेत्र के अलावा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, मेला कार्यालय, पुलिस सहित अन्य विभागों के पास उसे वितरित कराया गया। प्रयागराज के अलावा अयोध्या धाम, कानपुर, लखनऊ और सीतापुर में विशाल भंडारा चल रहा है। उन्होंने बताया कि

प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, सीतापुर, अयोध्या के विवि, मेडिकल कालेज के मरीज, अभिभावक और छात्रों को पांच वर्ष से निःशुल्क खाना मिल रहा है।

## जरूरतमंदों के चेहरे पर आई मुस्कान सबसे बड़ा सम्मान : डा संतोष सिंह

### 350 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गयी नि :शुल्क दवाएं

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** नर सेवा ही नारायण सेवा हैह्व की भावना को साकार करते हुए गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा - 6 के तहत मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय,प्रयागराज के असिस्टेंट प्रो वरिष्ठ सर्जन डॉ.संतोष सिंह ने लखीमपुर खीरी जिले के नेपाल सीमा से सटे थारू जनजातीय क्षेत्र के मसान खम्भ एवं सौनहा गांव में निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश किया है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज के असिस्टेंट प्रोफेसर (सर्जरी) एवं मीडिया प्रभारी डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में 6 एवं 7 फरवरी को 350 रोगियों की जांच व उपचार किया।

मरीजों को निःशुल्क परामर्श, दवाइयां एवं आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई। यह सेवा अभियान श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास, सेवा भारती एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाईजेशन (एनएमओ) की ओर से आयोजित किया गया।






डॉ.संतोष सिंह ने बताया कि सीमावर्ती एवं जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए ऐसे शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। जरूरतमंदों के चेहरे पर आई मुस्कान ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है।

उन्होंने बताया कि शिविर में सामान्य रोग, पेट रोग, त्वचा रोग, महिला व बाल रोग, सर्जिकल परामर्श तथा प्राथमिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

गंभीर मरीजों को आगे के उपचार के लिए जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज रेफर भी किया गया।

इस सेवा कार्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोला जिले के जिला प्रचारक शिव प्रकाश जी, शिवनाथ जी, डॉ. शिवम, डॉ. अंकित, डॉ. ओम, डॉ. सत्यम, नर्सिंग स्टाफ प्रतिभा राणा जी एवं रामदेवी जी सहित स्थानीय ग्रामीणों का विशेष सहयोग । डाक्टरों की टीम में डॉ. भूपेंद्र सिंह जी, डॉ. जय राम जी, डॉ. आदर्श जी,डॉ रवि शंकर सिंह,डॉ सुधांशु सिंह एवं अन्य व्यवस्थापक साथियों ने व्यवस्थाओं को सफल बनाया।

ग्रामीणों ने चिकित्सक दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्गम क्षेत्र में इस तरह की सेवा उनके लिए वरदान साबित हुई है।

डॉ. संतोष सिंह ने सभी सहयोगियों एवं आयोजक संस्थाओं के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा अभियानों में सक्रिय भागीदारी जारी रहेगी।

## संपादकीय

### जाति के कोढ़ के विरुद्ध हिंदू सम्मेलन कितने जरूरी

महात्मा गांधी ने 12 मार्च, 1939 को बिड़ला मंदिर का इस शर्त पर उदघाटन किया था कि इसमें जाति के आधार पर किसी के आने जाने पर रोक नहीं होगी। गांधी जी का यह कदम जाति के कोढ़ के खिलाफ एक बड़ा कदम था। बिड़ला मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित वाल्मीकी मंदिर में गांधी जी 1 अप्रैल 1946 से10 जून 1947 तक कुल 214 दिन वाल्मीकियों के साथ रहे थे। उनका यह सब करने के पीछे लक्ष्य था जाति के कोढ़ पर बोलना। अब उसी दिल्ली में इन दिनों हिंदू सम्मेलनों की एक श्रृंखला देखने को मिल रही है। भाई वीर सिंह बस्ती से लेकर आई.पी. एक्सटेंशन, सैनी एन्कल्वेव, जसोला विहार, पीतमपुरा, छत्तरपुर, न्यू अशोक नगर और यमुना पार के विभिन्न इलाकों तक—ये आयोजन छोटे-बड़े स्तर पर हो रहे हैं।

इनका केंद्रीय संदेश स्पष्ट हैः हिंदू समाज को जाति के कोढ़ से मुक्त करना, सामाजिक समरसता स्थापित करना और एक सशक्त, संगठित हिंदू पहचान का निर्माण। कई स्थानों पर उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक संकल्प लिया कि जाति-पात के भेदभाव को मिटाकर पहले हिंदू होने का गौरव अपनाया जाए। यह प्रवृत्ति केवल दिल्ली तक सीमित नहीं, बल्कि आरएसएस के शताब्दी वर्ष में देशव्यापी अभियान का हिस्सा प्रतीत होती है, जिसमें एक लाख से अधिक ऐसे सम्मेलनों की योजना है।

जाति व्यवस्था हिंदू समाज की सबसे पुरानी और जटिल चुनौतियों में से एक रही है। वर्ण-आधारित विभाजन, जो मूलतः गुण-कर्म पर टिका था, समय के साथ जन्म-आधारित कठोर जाति में बदल गया। इससे न केवल सामाजिक असमानता बढ़ी, बल्कि हिंदू समाज आंतरिक रूप से खंडित होता गया। बंटवारे की यह दीवार इतनी मजबूत हो गई कि बाहरी चुनौतियों—चाहे विदेशी आक्रमण हों या आज की वैचारिक घुसपैठ—के सामने हिंदू समाज बार-बार कमजोर पड़ता रहा। ईस्ट दिल्ली में आगामी रविवार को होने वाले एक विराट हिन्दू सम्मेलन की स्वागत समिति के अध्यक्ष और पेशे से टैक्स कंसलटेंट सुरेन्द्र कुमार गंभीर कहते हैं कि जब तक हिंदू समाज जाति के नाम पर आपस में लड़ता रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक सुरक्षा का सपना अधूरा ही रहेगा। वे मानते हैं कि हिन्दू समाज को जाति के कोढ़ को खत्म करना ही होगा।

इन सम्मेलनों में बार-बार दोहराया जा रहा है कि जातिवाद हिंदू समाज के लिए जहर है। इनमें कई वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि जाति भेद मिटाकर पहले ह्लहिंदूह्व मानने की अपील की जानी चाहिए। कई जगहों पर संकल्प लिया गया—जाति-पात से ऊपर उठना, एक-दूसरे को भाई-बहन मानना, मंदिरों में समान प्रवेश, सामाजिक बहिष्कार का अंत और विवाह-संबंधों में खुलापन। यह संदेश नया नहीं है। डॉ. आंबेडकर से लेकर वीर सावरकर, गांधी और अब मोहन भागवत तक—सभी ने अलग-अलग भाषा में यही कहा कि जाति-भेद मन से मिटाना होगा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जी ने हाल ही में दोहराया

**कि व्यक्ति का मूल्यांकन जाति, संपत्ति या भाषा से नहीं होना चाहिए; पूरा देश सबका है।**

फिर भी सवाल उठता है—क्या ये सम्मेलन केवल नारे तक सीमित रहेंगे या वास्तविक बदलाव ला पाएंगे? इतिहास गवाह है कि अच्छे इरादे और भाषण कई बार कागजी संकल्प बनकर रह जाते हैं। जाति की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वे परिवार, विवाह, राजनीति, रोजगार और यहां तक कि धार्मिक अनुष्ठानों में भी पैठ बनाए हुए हैं। दिल्ली जैसे महानगर में जहां शिक्षा और आधुनिकता का दावा है, वहां भी अंतजार्तीय विवाहों की दर बेहद कम है। ग्रामीण क्षेत्रों की तो बात ही छोड़िए।

इन सम्मेलनों की सफलता कई शर्तों पर टिकी है। पहला—संगठित निरंतरता। एक-दो आयोजन से काम नहीं चलेगा; इसे मासिक, त्रैमासिक अभियान में बदलना होगा। दूसरा—जमीनी कार्य। केवल भाषण नहीं, बल्कि अंतजार्तीय भोज, संयुक्त पूजा, सामूहिक विवाह, दलित-वंचित परिवारों की मदद, मंदिरों में समान भागीदारी जैसे व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। तीसरा—युवा और महिलाओं की भागीदारी। बदलाव की असली ताकत नई पीढ़ी में है।

# संसद के मकर द्वार पर गुस्से का विस्फोट और राजनीति की मयार्दा पर उठते सवाल

**अजय कुमार**



संसद लोकतंत्र का सबसे ऊँचा मंच है, लेकिन 4 फरवरी को इसी संसद के मकर द्वार पर जो हुआ, उसने यह सवाल खड़ा कर दिया कि क्या भारतीय राजनीति में अब संयम और शिष्टाचार पीछे छूटते जा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच हुई तीखी नोकझोंक सिर्फ दो नेताओं की व्यक्तिगत नाराजगी नहीं थी, बल्कि यह उस राजनीतिक तनाव की अभिव्यक्ति थी, जो पिछले कुछ वर्षों से अंदर ही अंदर पक रहा था। घटना उस समय की है जब बजट सत्र के दौरान कांग्रेस सांसद तख्तियाँ लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल गांधी खुद इस प्रदर्शन में मौजूद थे। इसी दौरान सामने से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू आते दिखे। राहुल गांधी ने उन्हें देखते ही बिना किसी भूमिका के तीखे शब्द कह दिए ये गद्दार जा रहा है, जरा इसका चेहरा देखो। यह टिप्पणी वहीं खड़े कांग्रेस सांसदों के बीच ठहाकों के साथ गूंज गई। इसके बाद राहुल गांधी ने हाथ बढ़ाते हुए कहा, हेलो ब्रो.. मेरे गद्दार दोस्तङ्ग चिंता मत करो. तुम वापस आ जाओगे।

यह कोई मंचीय भाषण नहीं था, न ही कोई लिखी हुई टिप्पणी। यह क्षणिक गुस्से से निकली प्रतिक्रिया थी। लेकिन राजनीति में कई बार यही क्षणिक प्रतिक्रियाएं सबसे भारी पड़ जाती हैं। बिट्टू ने राहुल गांधी का हाथ नहीं पकड़ा। उन्होंने पलटकर कहा, देश के दुश्मन के साथ मैं हाथ नहीं मिलाता, और सीधे संसद के भीतर चले गए।यहीं से यह मामला शब्दों की लड़ाई से निकलकर राष्ट्रीय राजनीतिक बहस बन गया।रवनीत सिंह बिट्टू कोई साधारण नेता नहीं हैं। वे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं, जिनकी 1995 में आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। बिट्टू ने 2009 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार लोकसभा चुनाव जीता। इसके बाद 2014 और 2019 में भी वे सांसद बने। कुल मिलाकर उन्होंने 15 साल तक कांग्रेस का प्रतिनिधित्व संसद में किया। लेकिन 2024 के आम चुनाव से ठीक पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए।2024 के चुनाव में बिट्टू लुधियाना सीट से भाजपा के उम्मीदवार थे। उन्हें कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से करीब 20 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और केंद्र सरकार में मंत्री बनाया। यहीं से राहुल गांधी और बिट्टू के रिश्तों में तल्खी खुलकर सामने आने लगी।राहुल गांधी के गद्दार शब्द ने इसलिए ज्यादा विवाद खड़ा किया, क्योंकि भारतीय राजनीति में यह शब्द सिर्फ दल बदलने तक सीमित नहीं माना जाता। यह शब्द देश, संविधान और जनता के साथ विश्वासघात से जोड़कर देखा जाता है। यही कारण है कि भाजपा नेताओं ने इसे केवल राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक हमला बताया।भाजपा नेताओं का तर्क है कि एक सिख नेता, जिसके परिवार ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में बलिदान दिया, उसे सार्वजनिक रूप से गद्दार कहना असंवेदनशील है। दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह टिप्पणी राजनीतिक संदर्भ में थी और पार्टी छोड़कर जाने वालों पर राहुल गांधी पहले भी तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं।यह पहला मौका नहीं है जब बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का दुश्मन कहा हो। इससे पहले अमेरिका में दिए गए राहुल गांधी के एक बयान को लेकर बिट्टू ने सार्वजनिक रूप से उन्हें भारत का सबसे बड़ा दुश्मन तक कहा था। राहुल गांधी ने उस बयान में सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाया था, जिसे भाजपा और बिट्टू ने भारत की छवि खराब करने की कोशिश बताया।यह पूरा विवाद ऐसे समय में सामने आया, जब राहुल गांधी पहले से ही सरकार पर हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद कभी वे हाथ में संविधान की प्रति लेकर नजर आए, तो अब संसद परिसर में वे पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी हाथ में लिए दिखाई दिए। इस किताब के कुछ अंश पढ़ने की अनुमति जब उन्हें सदन में नहीं दी गई और रिकॉर्ड से हटाया गया, तो राहुल गांधी ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मुद्दा बना दिया।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मकर द्वार पर हुआ यह विवाद राहुल गांधी के बढ़ते आक्रामक तेवर और भाजपा के प्रति उनकी असहजता का परिणाम है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी लगातार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में कई बार भाषा की मयार्दा टूटती दिखाई दे रही है।

यह भी सच है कि राजनीति में धैर्य सबसे कठिन परीक्षा होती है। लंबे संघर्ष, हार, आलोचना और व्यक्तिगत हमलों के बीच कई बार नेता खुद पर नियंत्रण खो बैठते हैं। लेकिन संसद परिसर जैसे स्थान पर बोले गए शब्द सिर्फ व्यक्तिगत नहीं रहते, वे संस्था की गरिमा से भी जुड़ जाते हैं।यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिखाती है कि राजनीतिक असहमति अब वैचारिक बहस से निकलकर व्यक्तिगत आरोपों तक पहुंच चुकी है। गद्दार और देश का दुश्मन जैसे शब्द राजनीति को और ज्यादा ध्रुवीकृत करते हैं। इससे न तो लोकतांत्रिक संवाद मजबूत होता है और न ही जनता का भरोसा।मकर द्वार पर हुआ यह टकराव आने वाले दिनों में सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं रहेगा। यह घटना विपक्ष की रणनीति, सत्ता पक्ष की प्रतिक्रिया और राजनीतिक भाषा की दिशा तय करने वाला संकेत बन सकती है। सवाल यह नहीं है कि किसने पहले क्या कहा, सवाल यह है कि क्या भारतीय राजनीति अब संयम की भाषा छोड़ चुकी है।लोकतंत्र में विरोध जरूरी है, लेकिन मयार्दा उससे भी ज्यादा जरूरी है। 4 फरवरी को संसद के बाहर जो हुआ, वह सिर्फ एक क्षणिक गुस्से का नतीजा नहीं था, बल्कि उस राजनीति का प्रतिबिंब था, जहाँ शब्द हथियार बन चुके हैं और संवाद कमजोर पड़ता जा रहा है।

# एक ऐतिहासिक सफलता यां राजनीतिक संकेत

**अशोक भाटिया**

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में घोषित व्यापार समझौता (फरवरी 2026) पारदर्शिता की कमी, रूसी तेल आयात पर मौन और वाशिंगटन द्वारा बड़े दावों के कारण रहस्यमय और संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालाँकि अमेरिकी टैरिफ में 18% तक की कटौती हुई है, लेकिन पूर्ण दस्तावेज न होने से भारतीय कृषि और रणनीतिक स्वायत्तता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं जैसे पारदर्शिता का अभाव झ भारत सरकार ने समझौते के विशिष्ट विवरण, लिखित शर्तों या आधिकारिक पाठ को पूरी तरह से सार्वजनिक नहीं किया है, जिससे यह संदेह गहरा गया है।रूसी तेल और भू-राजनीतिक दबाव झ राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया कि भारत ने रूसी तेल आयात बंद करने का वादा किया है, लेकिन भारत की ओर से इस पर कोई पुष्टि नहीं की गई है, जो एक बड़ा रहस्य बना हुआ है।कृषि और डेयरी क्षेत्र पर खतराः विपक्षी दलों ने चिंता जताई है कि भारत ने अपने कृषि और डेयरी बाजारों को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोल दिया है, जो भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ हो सकता है।दावों में अंतर- अमेरिका ने दावा किया कि भारत $500 बिलियन से अधिक के अमेरिकी सामान खरीदेगा, जबकि भारत ने केवल टैरिफ में कमी (18% तक) पर ही ध्यान केंद्रित किया, न कि बड़ी खरीदारी के दावों पर।सं संप्रभुता का सवालः इस बात पर बहस है कि क्या यह समझौता भारत की स्वतंत्र विदेश और व्यापार नीति के अनुरूप है, या यह अमेरिकी दबाव में लिया गया कोई निर्णय है। इस प्रकार, इस समझौते को एक ऐतिहासिक सफलता के बजाय राजनीतिक संकेत या विश्वास बहाली का उपाय अधिक माना जा रहा है तथा भारत और अमेरिका के बीच तथाकथित व्यापार समझौता बेहद रहस्यमय मामला नजर आ रहा है। देखा जाय तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस समझौते की एकतरफा घोषणा का स्वागत किया क्योंकि किसी भी कारण से किसी भी तरह के व्यापार और उद्योग का विरोध करना अवैध है, लेकिन अगर समझौते की घोषणा के 24 घंटे बाद भी किसी भी विवरण के बारे में कोई जानकारी नहीं है, तो संदेह होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच तथाकथित समझौता, जिसमें कोई विवरण, कोई क्लॉज, कोई रिकॉर्ड नहीं है, एक रहस्य है जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते के लिए कम से कम दो पक्षों और सभी संबंधित लोगों की सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि भारत को साथ नहीं लिया गया, लेकिन उन्होंने पारस्परिक रूप से घोषणा की कि भारत को साथ लेकर बिना किसी समझौते के दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है और अब समय आ गया है कि हम इसे एमयू कहें। उन्होंने कनाडा के साथ भी ऐसा ही करने की कोशिश की। हालांकि, देश के प्रधान मंत्री, मार्क कार्नी ने ट्रम्प को मना लिया, और कनाडा-अमेरिका सौदा गुब्बारा गया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रम्प की घोषणा पर टिप्पणी की और आश्वासन दिया कि तथाकथित समझौते से भारतीय कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के हितों को किसी भी तरह से नुकसान नहीं होगा। हालांकि, उसके बाद, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार के आकार की वर्तमान वास्तविकता के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में इस पर टिप्पणी के लिए लगातार दूसरे दिन टिप्पणी की आवश्यकता थी।



सबसे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में क्या हुआ। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कथित सौदे के विवरण पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। ये ट्रम्प की घोषणा की रिपीट है, जिसका मतलब है कि ट्रम्प ने जो घोषणा की है, उसे अमेरिकी सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है और उसी के अनुसार आगे भी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। लेकिन ये कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवाल उठाता है। पहला मुद्दा भारत की तेल खरीद का है, हम रूस से तेल खरीदना बंद करने जा रहे हैं क्योंकि अमेरिका ऐसा नहीं चाहता है। ट्रम्प और लेविट यही कहते हैं। लेकिन तेल खरीदना पानी का नल नहीं है। जब आप इसे चालू करेंगे, तो पानी आएगा और जब आप इसे बंद करेंगे, तो यह बंद हो जाएगा। ये खरीद समझौते, जो हफ्तों और महीनों पहले किए जाते हैं, क्या उन्हें अचानक रद्द किया जा सकता है क्योंकि ट्रम्प ऐसा कहते हैं? उत्तर सकारात्मक हो सकता है, लेकिन इस तरह के समझौतों में अक्सर मुआवजे का मुद्दा शामिल होता है, जो खरीद को एकतरफा रद्द करने और दूसरे पक्ष को नुकसान को रोकने के लिए है। यदि भारत और रूस के बीच तेल सौदा समाप्त हो जाता है तो भुगतान किए जाने वाले मुआवजे के बारे में क्या? इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वेनेजुएला के तेल और रूसी तेल के बीच एक मूलभूत अंतर हैः रूसी तेल हल्का और परिष्कृत करने में आसान है, और वेनेजुएला का तेल इसके ठीक विपरीत है, और यह सल्फर और अन्य प्रदूषकों के साथ भी अधिक प्रदूषणकारी है। और क्या उन्हें इसे सबसे पहले करना चाहिए? क्योंकि आप रूसी तेल को मौजूदा बाजार मूल्य की तुलना में 10 डॉलर प्रति बैरल सस्ता करते हैं, क्या आप इस लाभ को छोड़ देंगे क्योंकि ट्रम्प ऐसा सोचते हैं?

ट्रम्प और लेविट के बीच दूसरा मुद्दा इस घोषणा के बारे में है कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका से $ 50,000 बिलियन मूल्य का सामान खरीदेंगे, जो न केवल एक बड़ी राशि है, बल्कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच वर्तमान कारोबार केवल $ 4100 बिलियन है, और यदि आप सेवा क्षेत्र में लेनदेन मूल्य जोड़ते हैं, तो यह समान राशि से बढ़कर $ 8,000 बिलियन हो जाएगा, यानी हम संयुक्त राज्य अमेरिका से जो सामान और सेवाएं खरीदते हैं यह 50 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ सकता है? एक व्यवसाय ऐसे समय में 500 प्रतिशत कैसे बढ़ सकता है जब यह निश्चित है कि एक बकवास को छोड़कर कुछ भी इतनी तेजी से बढ़ सकता है? इस पर कुछ सरकारी समझदार लोगों का कहना है कि 50 हजार करोड़ डॉलर का लक्ष्य पांच साल का है; पहले वर्ष में नहीं। यह एक बार है, लेकिन यदि आप ऐसा करते भी हैं, तो आपको पहले वर्ष में $4100 मिलियन से संयुक्त राज्य अमेरिका से $10,000 बिलियन मूल्य की वस्तुएं और सेवाएं खरीदनी होंगी, एक ही वर्ष में 100 प्रतिशत की वृद्धि?

ट्रंप और लेविट का तीसरा मुद्दा यह है कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर शून्य प्रतिशत और अमेरिका में बिकने वाले भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। लेकिन जिन्हें साधारण एक्सचेंजों का व्यावहारिक ज्ञान है, वे भी इस पर विश्वास नहीं करेंगे। हम 18 प्रतिशत टैरिफ कैसे दे सकते हैं और अमेरिकी उत्पादों पर सभी करों को छूट कैसे दे सकते हैं। वर्तमान में, हम उस देश के उत्पादों पर 16 प्रतिशत का न्यूनतम आयात शुल्क लगाते हैं जिसे हमने विशेष दर्जा दिया है, जिसका अर्थ है कि जब उस देश के उत्पाद भारतीय बाजार में पहुंचते हैं, तो उनकी कीमत 16 प्रतिशत बढ़ जाती है, कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क 36.8 प्रतिशत है और कुछ उत्पादों के लिए 64.3 प्रतिशत है।

यह है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर ऐसा नहीं होता है, तो विदेशी उत्पाद भारतीय बाजार में घरेलू उत्पादों की तुलना में सस्ते होंगे, और हमारे किसान, उद्यमी सचमुच बर्बाद हो जाएंगे। और ट्रम्प कहते हैं कि भारत इन उत्पादों पर आयात शुल्क को पूरी तरह से हटाने के लिए सहमत हो गया है, ऐसा करना असंभव है।

इसके ऊपर से जैसा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है, अगर अमेरिकी उत्पादों से कृषि और डेयरी के हितों को नुकसान नहीं पहुंचता है तो ट्रंप की घोषणा एक अचार होगी।

# डराने लगी है ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया

**ललित गर्ग**

ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया कितनी भयावह एवं घातक हो सकती है, इसकी एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह घटी घटनाओं ने न केवल झकझोरा है, बल्कि यह हमारे समय, हमारी सामाजिक संरचना और हमारी सामूहिक असावधानी पर लगा हुआ एक गहरा प्रश्नचिह्न बना है। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी हृदयविदारक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी ये दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गई। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने समाज को स्तब्ध ही नहीं किया, बल्कि भीतर तक गहरा घाव दिया है। यह कोई आकस्मिक या अलग-थलग घटना नहीं है। इससे पहले झाबुआ, भोपाल और देश के अन्य हिस्सों में सामने आई ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि आभासी दुनिया किस तरह वास्तविक जीवन पर हावी होती जा रही है और हम अनजाने में एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां संवेदनाएं, संवाद और जीवन-मूल्य स्क्रीन के पीछे दम तोड़ते जा रहे हैं।

ऑनलाइन गेमिंग अपने आप में अपराध नहीं है, न ही तकनीक शत्रु है, लेकिन जब यह बच्चों और किशोरों के लिए लत बन जाए, तो यह एक धीमा जहर बन जाती है। यह जहर चुपचाप बच्चों के मस्तिष्क में प्रवेश करता है, उनकी सोच, उनकी भावनात्मक संरचना और उनके निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करता है। गेमिंग की दुनिया बच्चों को तात्कालिक रोमांच, आभासी जीत और काल्पनिक पहचान देती है, लेकिन धीरे-धीरे वही दुनिया उन्हें वास्तविक जीवन से काट देती है। परिवार, मित्र, पढ़ाई, प्रकृति, खेल और संवाद-सब कुछ पीछे छूटने लगता है। गाजियाबाद की तीनों बहनों का यह कदम इसी कटाव का चरम और भयावह परिणाम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मस्तिष्क में आवेग नियंत्रण को कमजोर करती है। जोखिम का आकलन करने की क्षमता घटती है और भावनात्मक अस्थिरता बढ़ती है।

हार, असफलता या गेम से वंचित किए जाने की स्थिति में अवसाद, क्रोध और निराशा गहराने लगती है। कई बार बच्चे आत्महत्या जैसे चरम कदम को भी एक ह्यगेम ओवरह्ण की तरह देखने लगते हैं। यह सोच अपने आप में अत्यंत खतरनाक है। आत्महत्या की प्रवृत्ति का बढ़ना केवल मानसिक स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक चुनौती है, जो हमारी परवरिश, हमारी प्राथमिकताओं और हमारी नीतियों पर सवाल उठाती है।

आज के परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता, एकल परिवारों की बढ़ती संख्या और संवाद की कमी ने बच्चों को अकेलेपन की ओर धकेला है। स्मार्टफोन कई घरों में बच्चों की चुप्पी खरीदने का सबसे आसान साधन बन गया है। रोता बच्चा हो, जिद करता बच्चा हो या समय न देने की मजबूरी-मोबाइल फोन एक त्वरित समाधान बन चुका है। लेकिन यही समाधान आगे चलकर सबसे बड़ी समस्या बन जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि बच्चा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मार्गदर्शन, स्नेह और समय चाहता है। जब यह सब उसे स्क्रीन से मिलने लगता है, तो परिवार की भूमिका स्वतः कमजोर हो जाती है। यह भी एक कठोर सत्य है कि कई माता-पिता स्वयं डिजिटल लत के शिकार हैं। ऐसे में बच्चों को रोकने का नैतिक और व्यवहारिक अधिकार भी कमजोर पड़ जाता है। हम बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे मोबाइल कम चलाएं, जबकि हमारे अपने हाथों में हर समय फोन रहता है। यह दोहरा व्यवहार बच्चों के मन में भ्रम और विद्रोह दोनों पैदा करता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल बच्चों पर नियंत्रण नहीं, बल्कि पूरे पारिवारिक वातावरण में संतुलन लाने से जुड़ा है।

सरकार और समाज की भूमिका भी इस संकट में कम महत्वपूर्ण नहीं है। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन उसके सामाजिक प्रभावों पर पर्याप्त नियंत्रण और निगरानी का अभाव है।

# सीएमओ के मौका मुआयना में 'बीमार' दिखी चिकित्सा व्यवस्था

## लापरवाही पर नाराजगी दिखाई, कई का वेतन रोका

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके तिवारी ने सैदाबाद, धनपुर, हंडिया, प्रतापपुर एवं बहादुरपुर ब्लॉकों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सैदाबाद ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुगरसन के निरीक्षण में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दुष्यन्त सिंह आकस्मिक अवकाश पर पाए गए। स्वास्थ्य मेले के दौरान चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था न होने पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि भविष्य में स्वास्थ्य मेला के दौरान चिकित्सक के अवकाश पर होने की दशा में चिकित्सक की वैकल्पिक रूप से उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए, अन्यथा ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षक की जवाबदेही तय की जाएगी। मरीजों की कम उपस्थिति को देखते हुए सीएमओ स्वास्थ्य मेला का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का भी निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं को देखते हुए



सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुगरसन को प्रसव केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश चिकित्सा अधीक्षक सैदाबाद को दिया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटेहरा हंडिया में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को निर्देशित किया कि वे आशाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। फार्मासिस्ट को ईडीएल में शामिल सभी दवाओं की उपलब्धता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध रहना चाहिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टूटी बाउंड्रीवाल के मरम्मत हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बिजली की निर्बाध सप्लाई हेतु चिकित्सा अधीक्षक हंडिया को निर्देशित किया कि वे बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर ट्रांसफार्मर लगवाना सुनिश्चित करें।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिपुरमरवा धनुपुर में स्टाफ नर्स श्रीमती शीला एवं फार्मासिस्ट रविन्द्र शुक्ला अनुपस्थित पाए गए। इस पर इनके आज का वेतन अवरूद्ध करने का




निर्देश सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक धनुपुर को दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार के ओपीडी रजिस्टर में 28 जनवरी, 1फरवरी तथा 8 फरवरी को मरीजों को देखना दर्ज था। रेगुलर ओपीडी नही किए जाने के दृष्टिगत उनको कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने का निर्देश सीएमओ ने दिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वा प्रतापपुर में तैनात फार्मासिस्ट सत्येंद्र दूबे के हेल्थ मेला में अनुपस्थित पाए जाने पर सीएमओ ने उनका आज का वेतन अवरूद्ध किए जाने का निर्देश दिया। सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक प्रतापपुर को स्वास्थ्य मेला के दिन एक एएनएम की तैनाती का आदेश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में इमर्जेंसी डॉक्टर तथा फार्मासिस्ट उपस्थित पाए गए।

स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया कि प्रसूताओं को 48- 72 घंटे चिकित्सालय में रोकने के बाद ही डिस्चार्ज करें ताकि जच्चा एवं बच्चा को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान किया जा सके. आशीष कुमार एलटी द्वारा 5 से 7 फरवरी तक, डॉ गोसिया खान तथा डॉ खुर्शीद अहमद द्वारा दिनांक 07 फरवरी 2026 को उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर नहीं करने को देखते हुए उनका उन दिवसों का वेतन अवरूद्ध किए जाने का निर्देश दिया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसों बहादुरपुर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ विमल चौरसिया के द्वारा डेढ़ माह के अवकाश के बावजूद आज हेल्थ मेला में बैकल्पिक चिकित्सक की व्यवस्था नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर को हैल्थ कैंप में एक एमबीबीएस चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। फार्मासिस्ट रमाकांत द्वारा अक्टूबर 2025 के बाद एक्सपायरी रजिस्टर नही किए जाने के दृष्टिगत उनको कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने का निर्देश दिया गया।

## मजदूरी कर घर लौट रहे युवक का रास्ते में अपहरण, पत्नी से मांगी जा रही फिरौती

**सबसे तेज प्रयागराज**

**करछना** थाना क्षेत्र में एक युवक को अगवा कर एक लाख रुपए की फिरौती मांगी जा रही है। घटना के दो दिन बाद भी युवक का सुराग न लगने पर घर वालों में रोना पीटना मचा है। घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजाशा गांव निवासी घनश्याम निषाद पुत्र राजमणि निषाद बीते कई वर्षों से मध्य प्रदेश के बडगांव गांव में हिंडालको कंपनी में काम करता था। पति के बाहर चले जाने पर पत्नी शकुंतला देवी अपने दो बच्चों के साथ करछना क्षेत्र के मिजार्पुर प्रयागराज हाईवे के बगल कटका गांव में रहती है। शुक्रवार दोपहर घनश्याम निषाद बस से पहले कोराव राव आया और वहां से बस पकड़ कर कटका गांव के सामने पहुंचा। इसके बाद पत्नी से फोन पर कहां अभी हम घर जा रहे हैं बाद में आएंगे। देर शाम तक युवक घर नहीं पहुंचा। रात आठ बजे के करीब घनश्याम के मोबाइल से पत्नी के मोबाइल फोन पर उसके पति को अगवा कर बंधक बनाने तथा पति को छुड़ाने के लिए एक लाख रुपए देने का मैसेज आने लगा। मैसेज में यह भी कहा गया कि अगर इस मैसेज को गंभीरता से नहीं लिया गया तो उसके पति को मार दिया जाएगा। साथ ही अपहरण कताओं ने शकुंतला देवी के फोन पर उसके पति का दोनों हाथ बंधा हुआ एक फोटो भी भेजा गया। मोबाइल फोन पर आया मैसेज को देख ससुराली जनों में सनसनी फैल गई। धीरे-धीरे शाम से रात हो गई। इसी बीच घनश्याम निषाद का फोन भी बंद आने लगा। फोन बंद होने तथा मैसेज को देख घबराए ससुराली जनों ने शनिवार को करछना थाना पर पहुंचकर पहुंच कर जानकारी दिया। शकुंतला देवी ने बताया कि पुलिस जांच करने की बात कह कर 24 घंटे तक इंतजार करने की बात कही। लेकिन रविवार सुबह तक घनश्याम का कहीं भी सुराग न लगने पर स्वजनों में रोना पीटना मच गया। करछना थाना प्रभारी अनूप कुमार सरोज ने बताया कि युवक की लोकेशन मुंबई में मिल रही है। वह अपने अपहरण की झूठी कहानी बता रहा है। फिलहाल जल्दी उसे बरामद कर लिया जाएगा।

## शादी का कार्ड बंटने के बाद मांगे नौ लाख, तोड़ दिया रिश्ता

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** शहर के अशोक नगर निवासी एक परिवार की बेटी की शादी से पहले वर पक्ष ने नौ लाख रुपये देने की मांग करते हुए रिश्ता तोड़ दिया। जबकि, शादी का कार्ड बंट चुका था और लॉन बुकिंग से लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। यहां तक कि सगाई में तीन लाख रुपये नकदी, सोने की अंगूठी व चेन समेत अन्य सामान दिए गए थे। कैंट थाना पुलिस नामजद एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

पीड़ित परिवार की तहरीर के मुताबिक, करीब तीन साल पहले उनकी बेटी की कानपुर के बर्रा जरौली निवासी बृज कुमार के बेटे सचिन से शादी तय हुई थी। पिछले साल सात फरवरी को धूमधाम से सगाई की रस्म पूरी हुई। सगाई में कन्या पक्ष की ओर से तीन लाख नकदी व अन्य सामान दिए गए थे। इस साल दस फरवरी को शादी तय हुई थी। राजापुर में मैरिज लॉन से लेकर अन्य सभी की एडवांस बुकिंग हो गई। यहां तक कि नाते-रिश्तेदार और परिचितों में कार्ड तक बांट दी गई। आरोप है कि पिछले साल दिसंबर में वर पक्ष ने अचानक नौ लाख रुपये दहेज देने और सिविल लाइंस में अच्छे गेस्ट हाउस में शादी करवाने की मांग कर दी। लड़की के पिता ने काफी विनती की, लेकिन लड़के पिता ने बेटे के सरकारी नौकरी में होने व हाईकोर्ट में परिचय होने का धौंस दिखाते हुए बेइज्जत कर भगा दिया। कैंट थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि दूल्हा सचिन, उनके पिता बृज कुमार, माता लीलावती व भाई सूरज व अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दहेज में कार नहीं देने पर भगाया, मुकदमा दर्ज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अल्लापुर की प्रीति गुप्ता ने पति व ससुरालियों पर शादी के बाद कार की मांग पूरी नहीं करने पर घर से भगाने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए महिला थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। प्रीति गुप्ता की तहरीर के मुताबिक, 28 मई 2025 को किदवई नगर अल्लापुर निवासी डॉ पवन प्रकाश गुप्ता से शादी हुई थी। शादी के समय कन्या पक्ष ने पांच लाख रुपये नकदी, छह तोला सोना व चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान दिए थे। वर्तमान में पति व ससुराली पुणे में रहते हैं। आरोप है कि शादी के छह दिन बाद ही पति डॉ पवन, सास सरिता गुप्ता व ननद रीतू गुप्ता ने दहेज में कार की मांग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उनकी मांग पूरी नहीं होने पर 19 जुलाई को घर से भाग दिया। महिला थाना पुलिस ने पति, सास व ननद के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

## वाराणसी चौकाघाट अवैध मछली मंडी के आठ विकेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तहरीर

**हनुमान मंदिर के पास 500 मीटर के दायरे में नियम विरुद्ध संचालन, स्थानीय लोगों ने जताई थी आपत्ति**

**वाराणसी।**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी चौकाघाट स्थित मंदिरों के समीप घनी आबादी वाले क्षेत्र में अवैध मांस-मछली की बिक्री को लेकर नगर निगम सख्त हो गया है । इस क्रम में निगम के पशु कल्याण अधिकारी डा. संतोष पाल ने शनिवार को चौकाघाट मछली मंडी में अवैध रूप से दुकान चलाने वाले आठ दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के लिए चेतगंज थाना प्रभारी को तहरीर दी है ।

## कौशल्या देवी इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव की धूम, स्कूली बच्चों ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज, प्रयागराज।** क्षेत्र के पटना उपरहार स्थित कौशल्या देवी इंटर कॉलेज में रविवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य रहे। विद्यालय प्रांगण पहुँचने पर विद्यालय के संरक्षक सियाराम सरोज ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक जी ने शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। वार्षिकोत्सव के



दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने ऐसा देश है मेरा जैसे देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर जहाँ लोगों में राष्ट्रभक्ति का संचार किया, वहीं होली खेले मशाने में की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक कला और आधुनिक गीतों के मिश्रण से सजे इन कार्यक्रमों की सभी ने सराहना की। विद्यालय के संरक्षक ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे आयोजनों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को एक मंच मिलता है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रबंधक सुनंदा देवी ,प्रधानाचार्य धीरेन्द्र कुमार सरोज ,राम बरन यादव , खुशबु पटेल , आकांक्षा गरिमा केशरवानी पारुल पाण्डे , रंजना पांडये , क्षेत्रीय ग्राम प्रधान जितेन्द्र सरोज के साथ ही सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बागपत : निवाड़ा गांव के सेंकडो लोग मतदान से हुए वंचित

**बागपत।**

उत्तरप्रदेश के बागपत जिले में सैकड़ों लोगों के वोट काट दिए गए है। निवाड़ा गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से शिकायत की है और वोट का अधिकार मांगा है। एडीएम बागपत ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

मामला बागपत जिले के निवाड़ा गांव का है। गांव निवासी रविंद्र बालियांन ने बताया कि गांव में सैकड़ो ऐसे लोग हैं,जो घूमंतू जाति से आते है और दो दशक से बागपत के निवाड़ा गांव में रह रहे है। यहीं पर उन्होंने पक्के मकान भी बना लिए है। उनको गांव में वोट का अधिकार भी दिया गया था। उनके आधार कार्ड भी बने हुए है। लेकिन मुस्लिम बहुल गांव होने के कारण यहां ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर उनके साथ राजनीतिक षड्यंत्र के चलते वोटर लिस्ट से नाम काट दिए गए है। ग्राम प्रधान पर वोट कटवाने का आरोप लगाते हुए लोगड़ियां लुहार समुदाय के लोगों ने जिला प्रशासन से वोट बनवाने की अपील की है। शिकायत में कहा गया है कि 800 से 1200 वोट काटे गए हैं। जिन्हें जुड़वाने की मांग की जा रही है। ग्राम पंचायत चुनाव आने वाले हैं जिसको लेकर सारा मामला गरमाया हुआ है। बीएलओ द्वारा भी उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है क्योंकि लोग हिंदू समुदाय के लोगड़ियां लुहार जाति से आते हैं जो अशिक्षित हैं। उनको लिखना पढ़ना भी नहीं आता है। जिससे उनका उत्पीड़न किया जा रहा है और वोटिंग के अधिकार से उनको वंचित कर दिया गया है।

एडीएम बागपत विनीत कुमार उपाध्याय का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच के

## बाराबंकी के लोधेश्वर महादेवा में उमड़ी आस्था की लहर, हर-हर बम-बम से गूंजा मंदिर परिसर

**बाराबंकी।**

बाराबंकी जिले के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा धाम में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी । बम भोले बम भोले की गूंज करते हजारों की संख्या में पहुंचे कांवरियों ने कांवर चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर हर-हर बम-बम और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। पुलिस बल की मौजूदगी में श्रद्धालु शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना करते रहे। दर्शन का क्रम लगातार जारी है।

तीर्थ स्थल महादेवा में ट्रैक्टर-ट्राली पर डीजे बजाते हुए, भगवा झंडे और धार्मिक प्रतीकों के साथ शुक्रवार को कांवरियों के तमाम झुंड पंहुचे। कांवर लाने वाले युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला वहीं बुजुर्ग श्रद्धालु भी पूरे भक्तिभाव से जलाभिषेक करते




देखे गए। पूजन के बाद जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा लाई लड्डू का प्रसाद भी बांटा जा रहा है । महादेवा धाम के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बनती है। यह उत्तर भारत के प्रमुख शिव आस्था केंद्रों में से एक माना जाता है जहां महाशिवरात्रि पर दूर-दूर से श्रद्धालु जलाभिषेक करने आए हैं।

यहां बड़ी संख्या में कांवरिए आ रहे और कांवर चढ़ाकर भोलेनाथ के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगते हैं। बढ़ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस एलर्ट मोड पर है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था के लिए रास्तों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है, जिससे रास्ते की कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो सके। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से मंदिर सहित पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है और महादेवा धाम में श्रद्धा व भक्ति की धारा लगातार तेज होती जा रही है।

## 164 मोबाइल फोन बरामद, स्वामियों को सुपुर्द किये गये

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंद शहर।** जनपदीय पुलिस द्वारा गायब 164 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये) बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किये गये। खोए मोबाइल पाकर उनके चेहरे खुशी से लबरेज दिखे। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने सभी मोबाइल स्वामियों को मोबाइल सौंपा।





## संघ शताब्दी : लखनऊ में होगी संगीत साधकों की गोष्ठी

**लखनऊ।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 09 फरवरी को सायंकाल भागीदारी भवन के प्रेक्षागृह में संगीत साधकों की गोष्ठी होगी। इस अवसर पर शास्त्रीय संगीत और पाश्चात्य संगीत सहित संगीत के विविध स्वरूपों का समागम होगा।

गोष्ठी में कलाकार अपने गायन व वादन कला का प्रदर्शन भी करेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख अतुल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस गोष्ठी में भजन व कीर्तन मण्डली,जागरण पार्टी,ब्रास बैंड,मार्चिंग बैंड,स्कूल बैंड व संघ का घोष वादन करने वाले कार्यकताओं को बुलाया गया है। सबका पंजीकरण किया जा रहा है। अतुल सिंह ने बताया कि संगीत साधकों की गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख जगदीश प्रसाद उपस्थित रहेंगे।




## पुरहा नदी पुल पर भीषण सड़क हादसा, आमने-सामने की टक्कर में 9 लोग गंभीर घायल

**औरैया।**

उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के बिधूना-अछल्दा मार्ग पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बिधूना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पसुआ गांव के पास स्थित पुरहा नदी पुल पर तेज रफ्तार ओमनी कार और ईको वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

पुलिस व ग्रामीणों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे में ईको सवार खुशबू, पूनम, रवि और महावीर तथा ओमनी सवार रामाधार, साहब सिंह, मानसिंह, सर्वेश और कन्हैया गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) बिधूना पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल व अन्य उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर कर दिया गया।

# सोरांव में बीएलओ के पास बंद लिफाफे में मिले सैकड़ों भरे फार्म -7

### सपाइयों ने एसडीएम का घेराव कर ज्ञापन सौंपा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सोरांव विधानसभा क्षेत्र में कई बूथों पर तैनात बीएलओ के पास से बंद लिफाफे में सैकड़ो की संख्या में फार्म 7 पाए गए। उनमें मतदाताओं के नाम और व्योरा दर्ज है। बताया गया कि इन सभी के नाम काटने के निर्देश दिए गए हैं। ज्यादातर एक ही समुदाय के हैं।बीएलओ के संपर्क में आये ऐसे सैकड़ों मतदाताओं को जब उनके ही नाम काटे जाने के लिए



भरे गए फार्म की जानकारी हुई तो वह भौचक रह गए। घबराये लोगो ने इस प्रकरण को समाजवादी पार्टी के नेताओं से साझा किया। सपा नेताओंने आज एसडीएम सोराव से मिलकर मामले से अवगत कराया। बताया जा रहा है कि कार्रवाई की मांग पर वह जाँच करने का बहाना बता कर चले गए।

सपा नेताओं ने पूरे प्रकरण की जानकारी पार्टी नेतृत्व को देते हुए जिलाधिकारी से भी फोन पर बात की और एक ज्ञापन एडीएम पूजा शुक्ला को सौंपा है। सपा नेताओं ने मांग की है कि फार्म पर हस्ताक्षर करने वाले के खिलाफ तत्काल विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाये और पूरे प्रकरण कि गहराई से जाँच की जाये।

सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार, इस मामले को लेकर सोमवार को पत्रकार वार्ता भी बुलाई गई है जिसमें पूरे प्रकरण को मीडिया के समक्ष रखा जायेगा।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, अमर नाथ मौर्य, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, संगम लाल मौर्य, ब्लाक प्रमुख मो इम्तियाज शमी, अरविन्द केसरवानी, तारिक सईद अज्जू, नाटे चौधरी, मो एरम रब्बानी, आफतब आलम, कुलदीप यादव, श्याम सिंह बच्चा, जगदीश यादव, जय भारत एडवोकेट, मो शारिक, आदि रहे।

## पुलिस कमिश्नर ने काशी विश्वनाथ धाम का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा

**कमिश्नर और जिलाधिकारी के साथ धाम परिसर में बैठक कर महाशिवरात्रि के लिए दिए दिशा निर्देश**

**वाराणसी।**

महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में शनिवार की शाम पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा, यातायात एवं जन-सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं को परखा और पुलिस अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# ट्रंप की व्यापार नीति के तहत भारत का बड़ा बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा: ग्रीर

**- ट्रंप प्रशासन की पहल, टैरिफ कटौती से अमेरिकी किसानों और कंपनियों को लाभ**

**वाशिंगटन ।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीति के तहत भारत का विशाल बाजार अब अमेरिकी उत्पादों के लिए और अधिक खुलने जा रहा है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने कहा है कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) को कम करने पर सहमत हुआ है, जिससे अमेरिकी कंपनियों और किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। यह बयान शुक्रवार को उस समय आया, जब व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते (इंटरिम ट्रेड एग्रीमेंट) के ढांचे की घोषणा की। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच निष्पक्ष, संतुलित और आपसी लाभ पर आधारित व्यापार को बढ़ावा देना है। ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की पहल से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत अब अमेरिकी कामगारों और उत्पादकों के लिए पहले से ज्यादा खुल रहा है। इस समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों पर टैरिफ खत्म करेगा या उनमें बड़ी कटौती करेगा। इसके अलावा, अमेरिकी खाद्य पदार्थों और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रेणी पर भी शुल्क कम किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका अपने बढ़ते व्यापार घाटे को कम करने के लिए भारतीय सामानों पर 18 प्रतिशत की आपसी टैरिफ दर लगाएगा।

इस टैरिफ के दायरे में टेक्सटाइल और कपड़े, चमड़ा व जूते, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी शामिल होंगी। हालांकि, अगर यह अंतरिम समझौता पूरी तरह लागू होता है तो अमेरिका कुछ भारतीय उत्पादों जैसे सस्ती दवाएं, रत्न-हीरे और विमान के पुर्जों पर से शुल्क हटा सकता है। ग्रीर ने भारत के वाणिज्य मंत्रालय और विशेष रूप से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की भूमिका की सराहना की। दोनों देशों ने स्पष्ट किया है कि यह अंतरिम समझौता एक बड़े और व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम है, जिस पर बातचीत आगे भी जारी रहेगी।

# चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट, 75 फीसदी लुढ़क सकते हैं भाव

**- वैश्विक संकेतों का असर, गिरावट के बाद घरेलू बाजार में दिखी तेज खरीदारी**




**नई दिल्ली ।**

चांदी की कीमतों में शुक्रवार को एक बार फिर भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी गिरावट के बाद कॉमेक्स पर सिल्वर का भाव गिरकर 63.900 डॉलर प्रति औंस तक आ गया। इसका सीधा असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिला, जहां एमसीएक्स सिल्वर का रेट इंट्रा-डे में फिसलकर 2.29 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के निचले स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, निचले स्तरों पर निवेशकों की तरफ से जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली।

इसी का नतीजा रहा कि चांदी की कीमतों में रिकवरी आई और भाव दोबारा बढ़कर 2.48 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गया। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा गिरावट के बावजूद आगे और दबाव बन सकता है। बाजार के जानकारों के अनुसार चांदी की कीमतों में गिरावट के पीछे दो बड़े कारण हैं। पहला, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब कम होता नजर आ रहा है। दोनों देश न्यूक्लियर बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं, जिससे सुरक्षित निवेश माने जाने वाले गोल्ड और सिल्वर की मांग घटी है। दूसरा कारण डॉलर का अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले मजबूत होना है। इसके अलावा, ऊंचे स्तरों पर निवेशकों द्वारा की गई प्रॉफिट बुकिंग ने भी कीमतों पर दबाव डाला। एक बाजार विशेषज्ञ का कहना है कि चांदी की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 75 से 80 प्रतिशत तक गिर सकती हैं। उनका अनुमान है कि आने वाले दो सालों में सिल्वर का भाव घटकर 25 से 30 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो चांदी में फिलहाल उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। ऐसे में निवेशकों को सतर्क रहने और किसी भी फैसले से पहले बाजार के संकेतों पर करीबी नजर रखने की सलाह दी जा रही है।

# भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क तय- निर्मला सीतारमण

**जेनेरिक दवाओं, रत्न-हीरों और एयरक्राफ्ट पार्ट्स को मिलेगा फायदा, 'मेक इन इंडिया' को नई रफ्तार**



नई दिल्ली । भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। दोनों देशों ने एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट के लिए फ्रेमवर्क को अंतिम रूप दे दिया है। इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ में औसतन 18 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है, हालांकि यह पूरी तरह अंतरिम समझौते के सफल क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि भारत और अमेरिका ने आपसी और लाभकारी व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए एक संयुक्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत के लिए प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस फ्रेमवर्क को भारत-अमेरिका ट्रेड पार्टनरशिप के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय निर्यातकों को अधिक बाजार पहुंच मिलेगी और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने वाले नए रास्ते खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और साझेदारी का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों, मछुआरों और उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा करेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में मदद करेगा। साथ ही निवेश और टेक्नोलॉजी साझेदारी को भी मजबूती मिलेगी। वो णिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह फ्रेमवर्क भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक सहयोग को और गहरा करेगा तथा सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस फ्रेमवर्क के तहत जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे, एयरक्राफ्ट व एयरक्राफ्ट पार्ट्स जैसे क्षेत्रों में टैरिफ हटाने या घटाने का रास्ता खुलेगा। इसके अलावा, भारत को ऑटोमोटिव पार्ट्स के लिए तरजीही टैरिफ कोटा मिलने की भी संभावना है, जिससे भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

# भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूस से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई अमेरिका

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका ने घोषणा की है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूस से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके परिणामस्वरूप 7 फरवरी 2026 से भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत मूल्य-आधारित शुल्क हटा दिया जाएगा। अगस्त 2025 में भारत के रूस से तेल खरीदने पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया गया था, जो पहले से मौजूद 25 प्रतिशत शुल्क के साथ मिलकर कुल 50 प्रतिशत हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के अनुसार भारत ने अगले 10 वर्षों के लिए अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसके अलावा, भारत अमेरिका से ऊर्जा उत्पाद खरीदने और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के लिए भी तैयार है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक तालमेल के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि यदि भारत भविष्य में रूस से तेल आयात फिर से शुरू करता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति की टीम अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क या अन्य उपायों की सिफारिश कर सकती है। वाणिज्य और विदेश मंत्री इस बात की निगरानी करेंगे कि भारत की प्रतिबद्धता का पालन हो रहा है या नहीं। ट्रंप ने कहा कि रूस की नीतियां अमेरिका के लिए असामान्य और असाधारण खतरा हैं। आदेश में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को आईईईपीए कानून के तहत राष्ट्रपति को मिलने वाले अधिकारों का प्रयोग करने और आदेश के क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

# आरबीआई की छोटी एनबीएफसी को पंजीकरण और शाखा अनुमति में छूट देने की योजना

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घोषणा की है कि जिन बीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम, जो जनता से पूंजी नहीं जुटाती और जिनका ग्राहकों से सीधा संपर्क नहीं है, उन्हें अब आरबीआई में पंजीकरण कराने से छूट दी जा सकती है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि इन कंपनियों पर लागू नियमों की समीक्षा की गई है, और उनकी विशेष संरचना को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय प्रस्तावित किया गया है। इसका उद्देश्य इन छोटी एनबीएफसी के लिए अनुपालन बोझ कम करना है। केंद्रीय बैंक ने यह भी प्रस्ताव रखा है कि इन एनबीएफसी को 1,000 से अधिक शाखाएं खोलने से पहले अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसका मतलब है कि ये कंपनियां अपनी विस्तार योजनाओं को आरबीआई की पूर्व मंजूरी के बिना लागू कर सकती हैं, जब तक कोई विशेष प्रतिबंध न हो। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कदम वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और जोखिम प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऋण का प्रवाह और नकदी उपलब्धता अर्थव्यवस्था में बनाए रखी जाए। इस मसौदे पर हितधारकों की राय 27 फरवरी, 2026 तक आमंत्रित की गई है। इसके माध्यम से आरबीआई नियमों को अंतिम रूप



देने से पहले सभी सुझावों को ध्यान में रखेगा। छोटे एनबीएफसी के लिए यह निर्णय सुविधाजनक संचालन और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा, साथ ही उन्हें कम अनुपालन बोझ के साथ कार्य करने की स्वतंत्रता भी देगा।

# सोने में 2 लाख निवेश से 2050 तक बन सकती है करोड़ों की संपत्ति!

**मुंबई ।** सोने की कीमत में गिरावट ने निवेशकों के लिए नए मौके खोले हैं। वर्तमान में 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 1,56,630 रुपए प्रति 10 ग्राम है। इस आधार पर 2 लाख रुपए में निवेश करने पर आपको लगभग 12.77 ग्राम सोना मिलेगा। दिखने में यह मात्रा छोटी लग सकती है, लेकिन दीर्घकालिक निवेश में इसकी असली ताकत समय के साथ बढ़ने वाले रिटर्न में है। वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार सोना ऐतिहासिक रूप से 8-11 फीसदी सालाना रिटर्न देता रहा है। यदि आप 24 साल के लिए निवेश करते हैं, तो 2 लाख रुपए की रकम भविष्य में इस तरह बढ़ सकती है- अनुमानित सालाना रिटर्न 7 फीसदी (धीमी बढ़त), 2050 में संभावित कीमत 10.14 लाख रुपए, अनुमानित सालाना रिटर्न 9 फीसदी (औसत बढ़त) 2050 में संभावित कीमत 15.82 लाख रुपए और अनुमानित सालाना रिटर्न11 फीसदी (शानदार बढ़त) 2050 में संभावित कीमत 24.44 लाख रुपए। सोना महंगाई से सुरक्षा प्रदान करता है और शेयरों या क्रिप्टो की तुलना में स्थिर निवेश माना जाता है। नियमित निवेश और लंबे समय तक पकड़ इसे और भी लाभकारी बना सकते हैं।



# अमेरिकी बाजार मजबूत बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए। डाओ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1,206.95 अंक बढ़कर 50,115.67 पर बंद हुआ। इस साल अब तक यह 4.3 फीसदी ऊपर है। प्रमुख योगदानकर्ता कैटरपिलर का शेयर 7.1 फीसदी उछलकर 726.20 डॉलर पर पहुंचा। गोल्डमैन सैक्स और एनवीडिया ने भी इंडेक्स को मजबूती दी। एसएंडपी 500 में 2026 में 1.3 फीसदी की बढ़त रही, जबकि नैस्डैक 0.9 फीसदी गिरा। टेक सेक्टर में एआई को लेकर चिंताओं के कारण दबाव रहा। निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि फेडरल रिज़र्व महंगाई को काबू में रखते हुए अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचाएगा और 2026 में ब्याज दरें घटाना जारी रखेगा।

# सेंसेक्स दिसंबर 2026 तक 1,07,000 तक जा सकता है: रिपोर्ट

**मुंबई ।** एक ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर सकारात्मक भविष्यवाणी की है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर बाजार में तेजी का माहौल बना रहता है तो दिसंबर 2026 तक सेंसेक्स 1,07,000 के स्तर तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई की ग्रोथ-फ्रेंडली नीतियां, ब्याज दरों में कटौती, बैंकिंग सिस्टम में बढ़ती लिक्विडिटी और सरकार का कैपेक्स पर जोर बाजार को मजबूत करेगा। बजट में ग्रोथ को बढ़ावा देने वाले कदम और टैक्स सुधार भी निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत हैं। आने वाले महीनों में कंपनियों की अर्निंग्स ग्रोथ में सुधार की संभावना है, जिससे विदेशी निवेशकों की वापसी हो सकती है। कमजोर पिछला प्रदर्शन, आकर्षक वैल्यूएशन और कमजोर रुपया निवेशकों को आकर्षित कर सकते हैं। भारत-अमेरिका ट्रेड डील और चीन से बेहतर संबंध भी बाजार के लिए पॉजिटिव फैक्टर माने जा रहे हैं। उनका निष्कर्ष है कि मजबूत नीतियां, बेहतर अर्निंग्स और वैश्विक सहयोग से भारतीय शेयर बाजार में सुधार की संभावनाएं बढ़ रही हैं।

# आरबीआई की नीति स्थिर, तरलता पर्याप्त; आर्थिक वृद्धि के लिए सहायक कदम

**- डॉलर-रुपया विनिमय दर 90-91 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान**

**मुंबई ।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने हाल ही में अपनी नीतिगत समीक्षा में ब्याज दरों को पहले के स्तर पर बनाए रखने और नीति को तटस्थ रखने का निर्णय लिया। गवर्नर ने स्पष्ट किया कि कर्ज का प्रवाह अर्थव्यवस्था की उत्पादक गतिविधियों के अनुसार होगा, जिससे आर्थिक विकास को सहारा मिलेगा। आरबीआई ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में तरलता पर्याप्त स्तर पर रहेगी। चालू वित्त वर्ष में बैंकिंग प्रणाली में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की नकदी डाली गई है। बैंकों का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष में 4-5 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त तरलता उपलब्ध कराई जा सकती है। यह कदम बॉन्ड और कॉल मनी मार्केट सहित सभी वित्तीय बाजारों में नीतिगत प्रभावों के प्रसार में मदद करेगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हाल में घोषित व्यापार समझौतों से देश की आर्थिक वृद्धि के अनुमान 6.9 फीसदी से बढ़कर 7.1-7.2 फीसदी तक पहुंच सकते हैं। बैंकिंग विशेषज्ञों के अनुसार यह वृद्धि निवेश और निर्यात गतिविधियों में सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। डॉलर-रुपया विनिमय दर 90-91 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान है। वहीं 10 वर्ष की मियाद वाले सरकारी बांड पर यील्ड 6.65-6.80 फीसदी के बीच रहने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति 3.2 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पूरे वर्ष के लिए 2.1 फीसदी का अनुमान रखा गया है। अगले वित्त वर्ष में शुद्ध सरकारी उधारी हल्की बढ़कर 11.7 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव

**- भारतीय शेयर बाजार ने ट्रेड डील और बजट के असर के चलते उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दर्ज किया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन देखा, जिसमें व्यापार समझौते और बजट के प्रभाव ने निवेशकों की भावना पर बड़ा असर डाला। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को लाल निशान पर हुई, लेकिन ब्लू-चिप कंपनियों में मजबूती और मूल्य-खरीदारी ने सेंसेक्स और निफ्टी को सकारात्मक रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। बीएसई सेंसेक्स 302 अंक की बढ़त के साथ 81,024.94 पर पहुंचा, जबकि एनएसई निफ्टी 59.25 अंक बढ़कर 24,884.70 पर बंद हुआ। रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 37 पैसे मजबूत होकर 91.56 पर आ गया। मंगलवार को भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा ने बाजार में उत्साह भर दिया। सेंसेक्स ने दिन में 4,205.27 अंक की छलांग लगाते हुए 85,871.73 के उच्चतम स्तर को छुआ और अंततः 2,072.67 अंक बढ़कर 83,739.13 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 682 अंकों की तेजी के साथ 25,770.40 पर बंद हुआ। यह सप्ताह का सबसे जोरदार रुख रहा, जिससे निवेशकों की विश्वास में स्पष्ट बढ़त देखने को मिली। सप्ताह के मध्य बुधवार को बाजार मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 78.56 अंक बढ़कर 83,817.69 पर और निफ्टी 48.45 अंक बढ़कर 25,776 पर बंद हुआ। हालांकि गुरुवार को बाजार फिर लाल निशान में आ गया, सेंसेक्स 503.76 अंक गिरकर 83,313.93 और निफ्टी 133.20 अंक गिरकर




25,642.80 पर बंद हुए। यह गिरावट कुछ हद तक अमेरिकी बाजारों में कमजोरी और तकनीकी सुधार की वजह से आई।

सप्ताह के अंत में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में कमजोरी के बावजूद बाजार ने रिकवरी की। सेंसेक्स 266.47 अंक की बढ़त के साथ 83,580.40 पर और निफ्टी 50.90 अंक की तेजी के साथ 25,693.70 पर बंद हुआ। कुल मिलाकर इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते और बजट के असर के चलते उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दर्ज किया।

निवेशकों की निगाहें अब अगले सप्ताह के आर्थिक संकेतकों और वैश्विक बाजार की दिशा पर टिकी हैं, जिससे बाजार की स्थिरता और रुझान तय होने की संभावना है।

# भारत में कॉपर खपत अगले दो सालों में 10-12 फीसदी बढ़ने का अनुमान: इक्रा



**नई दिल्ली ।** आईसीआरए ने अनुमान लगाया है कि भारत में अगले दो वित्तीय वर्षों में कॉपर की घरेलू खपत सालाना 10-12 फीसदी बढ़ सकती है। वित्त वर्ष 26 के पहले सात महीनों में 14-15 फीसदी की तेज़ वृद्धि दर्ज होने के बाद यह दर थोड़ी धीमी रहेगी, क्योंकि ऊंची कीमतों से शॉर्ट-टर्म मांग पर दबाव हो सकता है। तेज़ शहरीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और ग्रीन एनर्जी ट्रांज़िशन कॉपर की मांग को मजबूत कर रहे हैं। रिन्यूएबल एनर्जी, पावर ग्रिड, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे सेक्टर मीडियम-टर्म में प्रमुख मांग चालक बनेंगे। फिलहाल घरेलू स्तर पर रिफाइंड कॉपर की कमी है, लेकिन नई क्षमता और बेहतर सप्लाई से स्थिति धीरे-धीरे सुधरेगी। मजबूत कीमतों से अपस्ट्रीम कंपनियों को फायदा मिलेगा, जबकि डाउनस्ट्रीम स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग कंपनियों के मार्जिन पर दबाव बना रहेगा।` वित्त वर्ष 26 में कॉपर की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और जनवरी 2026 तक यह लगभग 13,000 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गई, माइन सप्लाई में रुकावट, ओर ग्रेड गिरावट और अमेरिकी टैरिफ अनिश्चितताओं के कारण।

# गेहूं, चावल, डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को पूर्ण संरक्षण

**नई दिल्ली।**

भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को पहले के 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा और ग्रामीण आजीविका बनाए रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस समझौते में मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस जैसे संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित किया गया है। इन उत्पादों का संबंध छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने के कारण इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कृषि और पशुपालन भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो लगभग 70 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित देशों की तुलना में, भारत में कृषि बड़े पैमाने पर मशीनरी पर निर्भर नहीं है, इसलिए आयात और सीमा शुल्क के माध्यम से किसानों को



विदेशी प्रतिस्पर्धा से संरक्षण दिया जाता है। भारत का अमेरिका को कृषि निर्यात 2024 में 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें बादाम, पिस्ता, सेब और एथेनॉल प्रमुख हैं। भारत अगले चार वर्षों में कृषि, समुद्री उत्पाद और खाद्य एवं पेय पदार्थों का संयुक्त निर्यात 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना चाहता है। अमेरिका कई खाद्य और कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाएगा या समाप्त करेगा, जिससे दोनों देशों के लिए व्यापार लाभ बढ़ेगा।

# आईटी शेयरों में एआई के असर से सबसे बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली।** भारतीय आईटी शेयर इस सप्ताह सबसे खराब प्रदर्शन कर रहे हैं। निफ्टी आईटी सूचकांक 1.5 फीसदी गिरकर हफ्ते भर में 6.4 फीसदी की गिरावट दर्ज कर चुका है। इससे संबंधित कंपनियों का बाजार पूंजीकरण लगभग 6.4 लाख करोड़ रुपये घट गया। इन्फोसिस में सबसे ज्यादा 8.2 फीसदी और टेक महिंद्रा में 7.1 फीसदी का नुकसान हुआ। एंथ्रोपिक ने क्लाउड ओपस 4.6 मॉडल और नए एआई प्लग-इन्स पेश किए हैं, जो वित्त, कानूनी, मार्केटिंग और डेटा एनालिसिस जैसी सेवाओं को स्वचालित कर सकते हैं। इससे पारंपरिक आईटी सेवा मॉडल पर असर पड़ने की आशंका है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ी।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम को बीसीसीआई का तोहफ़ा, 7.5 करोड़ रुपये का कैश पुरस्कार घोषित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि का ऐलान किया है। यह इनाम न सिर्फ विजेता खिलाड़ियों बल्कि कोचिंग स्टाफ, तकनीकी टीम और चयन समिति को भी दिया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने शनिवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की और बताया कि पुरस्कार राशि के विभाजन पर जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सैकिया के अनुसार जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए रिकॉर्ड छठी बार खिताब पर कब्जा जमाया। उन्होंने बताया कि 7.5 करोड़ रुपये की राशि टीम के सभी सदस्यों के बीच बांटी जाएगी, हालांकि वितरण का सटीक फॉर्मेट अभी तय होना बाकी है।




हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 100 रन से मात देकर अपने दबदबे को और मजबूत किया। फाइनल मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेलकर भारत की जीत की नींव रखी। उनकी इस पारी ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को शुरुआत से ही दबाव में ला दिया। कप्तान आयुष म्हात्रे के 53 रन और विकेटकीपर अभिग्यान कुंडू के 40 रन ने टीम के स्कोर को 411/9 तक पहुंचाया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 311 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के कैलिब फाल्कनर के 115 रन भी उनकी टीम को बचा नहीं पाए। इस खिताबी जीत के साथ भारत ने एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। फिलहाल भारत के पास अंडर-19 पुरुष और अंडर-19 महिला वर्ल्ड कप दोनों के खिताब मौजूद हैं, जो देश के मजबूत ग्रासरूट ढांचे और प्रतिभा विकास प्रणाली को दर्शाता है। बीसीसीआई सचिव ने टीम की जीत की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट की प्रगति मजबूत घरेलू संरचना, गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और प्रतिभा पहचान के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि सीनियर पुरुष और महिला क्रिकेटरों के केंद्रीय अनुबंधों को लेकर बोर्ड जल्द ही अपडेट जारी करेगा।

# डेविस कप क्वालिफायर: सुमित नागल को शुरुआती सिंगल्स में हार, भारत नीदरलैंड से 0-1 से पीछे



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** डेविस कप क्वालिफायर मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका लगा है। देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को पहले सिंगल्स मैच में नीदरलैंड के गाइ डे ओउडेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। तीन सेट तक चले इस मुकाबले में नागल 0-6, 6-4, 3-6 से पराजित हुए, जिसके बाद भारत सीरीज में 0-1 से पीछे हो गया है।

मैच की शुरुआत नागल के लिए बेहद कठिन रही। पहले सेट में गाइ डे ओउडेन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नागल को कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-0 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में नागल ने शानदार वापसी की, अपनी लय हासिल की और निर्णायक ब्रेक के साथ 6-4 से सेट जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अहम मौकों पर गाइ डे ओउडेन ने बेहतर खेल दिखाया और 6-3 से सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

इस हार के साथ ही बेंगलुरु में खेले जा रहे डेविस कप क्वालिफायर टाई में भारत पर दबाव बढ़ गया है। अब भारतीय टीम को अगले मुकाबलों में वापसी कर सीरीज में बराबरी हासिल करने की जरूरत होगी, ताकि क्वालिफिकेशन की उम्मीदें बनी रहें।

आगामी मैचों में भारतीय खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने टीम वापसी कर सके।

# रहाणे की बड़ी भविष्यवाणी : टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप में रचेगी 300 रन का इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज़ अजिंक्य रहाणे ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर एक साहसिक दावा किया है। उनका मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम वह ताकत और आक्रामकता रखती है, जो इस टूर्नामेंट में पहली बार 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत अपने खिताब बचाव अभियान की शुरुआत यूएसए के खिलाफ करेगा, और रहाणे के अनुसार यही टीम इतिहास रचने की मजबूत दावेदार है।



एक सोशल मीडिया प्रश्नोत्तर सत्र में जब रहाणे से पूछा गया कि क्या कोई टीम टी20 वर्ल्ड कप में 300 रन बना सकती है, तो उन्होंने बिना झिझक भारत का नाम लिया। उनकी नजर में मौजूदा स्क्वाड में गहराई, क्षमता और आक्रामक मानसिकता है, जो इस उपलब्धि को संभव बना सकती है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की आधुनिक टी20 अप्रोच और बेखौफ बल्लेबाज़ी उन्हें इस रिकॉर्ड के बेहद करीब ले जा चुकी है।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी शैली, जिसे 'स्काईबॉलद्य' के नाम से जाना जा रहा है, भारतीय बल्लेबाज़ी की आक्रामक पहचान बन गई है। टूर्नामेंट में भारत अब तक सैकड़ों छक्के लगा चुका है और टीम के शीर्ष सात बल्लेबाज़ों का स्ट्राइक रेट भी शानदार रहा है। रहाणे का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज़ अपनी लय में रहे, तो 300 रन का आंकड़ा भी पहुंच से बाहर नहीं है।

भारत की संभावित ओपनिंग जोड़ी अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पर भी रहाणे ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि ईशान किशन की फॉर्म और तेज़ शुरुआत देने की क्षमता, साथ ही अभिषेक शर्मा का पावरप्ले में आक्रामक खेल, भारत को बड़े स्कोर तक ले जाने में अहम भूमिका निभा सकता है। संजू सैमसन बनाम ईशान किशन की चर्चा पर रहाणे ने संतुलित राय रखते हुए कहा कि भले ही ईशान लय में हों, लेकिन संजू का अनुभव भी टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों को भरोसा देना बड़े टूर्नामेंट में निर्णायक साबित होता है।

# अपनी बल्लेबाजी कौशल पर भरोसा था कि बड़े मैच में योगदान दे सकता हूं: सूर्यवंशी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अंडर-19 विश्व कप में रिकॉर्ड छठी जीत, वैभव सूर्यवंशी की 175 रन की विस्फोटक पारी बनी भारत की सफलता की कुंजी. भारत को रिकॉर्ड छठा अंडर-19 विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में अपने स्वाभाविक अंदाज में खेलते हुए ऐसा धमाका किया, जिसने इंग्लैंड की पूरी रणनीति को ध्वस्त कर दिया। महज 14 वर्ष की उम्र में सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की अविश्वसनीय पारी खेली, जिसमें 15 छक्के और 15 चौके शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 411 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इंग्लैंड को 311 रन पर रोककर 100 रन से मुकाबला जीत लिया। फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' और पूरे टूर्नामेंट में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने गए सूर्यवंशी ने कहा कि उन्हें अपने कौशल पर पूरा भरोसा था और टीम ने शुरुआत से ही अनावश्यक दबाव नहीं लेने की रणनीति अपनाई। मैच के बाद उन्होंने कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दिखाए गए प्रदर्शन को दोहराने पर जोर दिया और इसी प्रक्रिया ने उन्हें बड़े मुकाबले में जीत दिलाई। सूर्यवंशी ने बताया कि टीम पिछले 8-9 महीनों से लगातार कड़ी मेहनत कर रही थी, जिसका नतीजा अब जाकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि एशिया कप में पाकिस्तान से हार के बाद टीम ने और ज्यादा तैयारी की, जिसका सकारात्मक असर फाइनल में भी दिखाई दिया। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने विश्व कप जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि टीम रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर द्वारा स्थापित विश्व कप जीत की विरासत को आगे बढ़ाना चाहती थी। उन्होंने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा



कि टीम ने फाइनल में बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाया। म्हात्रे ने सूर्यवंशी की बल्लेबाजी को 'जादुई' बताते हुए कहा कि उनकी पारी को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता।

मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर ने इस जीत को 'अविश्वसनीय' करार दिया और कहा कि इंग्लैंड द्वारा दिखाए गए संघर्ष के बाद यह विजय और भी खास हो जाती है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों का इस तरह निखरकर सामने आना भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है। वहीं इंग्लैंड के कप्तान थॉमस रियू ने स्वीकार किया कि सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने उनकी सारी योजनाओं को ध्वस्त कर दिया और इतनी करीब आकर ट्रॉफी गंवाना बेहद दर्दनाक है।

# टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की जीत से शुरुआत, नीदरलैंड को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया

नई दिल्ली (ईएमएस)। पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले ही मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए अभियान की दमदार शुरुआत की। कोलंबो में खेले गए इस रोमांचक मैच में पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 148 रन बनाकर 3 विकेट से मात दी। इससे पहले नीदरलैंड की टीम 19.5 ओवर में 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत ठीक रही। सलामी बल्लेबाज सईम आयूब और साहिबजादा फरहान ने पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। आयूब ने 13 गेंदों पर 24 रन बनाए, जबकि फरहान ने 31 गेंद में 47 रन की अहम पारी खेली। हालांकि बीच के ओवरों में पाकिस्तान की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम बड़े नामों के बावजूद लगातार विकेट गंवाती रही। कप्तान सलमान अली आगा 12 रन पर आउट हुए, बाबर आजम ने 18 गेंदों में 15 रन बनाए। मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसी अनुभवी जोड़ियों से भी बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन दोनों नाकाम रहे। एक समय पाकिस्तान का स्कोर 17 ओवर में 115/7 था और टीम हार के काफी करीब नजर आ रही थी। आखिरी 18 गेंदों पर पाकिस्तान को 33 रन चाहिए थे। 18वें ओवर में नीदरलैंड ने सिर्फ 4 रन दिए, जिससे समीकरण और मुश्किल हो गया। इसके बाद 19वें ओवर में फहीम अशरफ ने मैच का पूरा रुख बदल दिया। लोगन के ओवर में फहीम ने पहली, तीसरी और पांचवीं गेंद पर छक्के जड़े और ओवर की अंतिम गेंद पर गेंद को बाउंड्री पार भेजकर कुल 24 रन बटोर लिए। इससे पाकिस्तान को आखिरी 6 गेंदों में सिर्फ 5 रन की जरूरत रह गई।

# गावस्कर का पाकिस्तान पर निशाना : कहा – पहल हमेशा भारत ने की, जवाब कभी नहीं मिला

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मैच के बहिष्कार को लेकर जारी विवाद के बीच भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान हमेशा भारत से दोस्ताना कदम बढ़ाने की उम्मीद करता है, लेकिन ऐसा कोई सकारात्मक रुख पाकिस्तान की ओर से कभी दिखाई नहीं दिया। गावस्कर ने 2008 के आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा कि लीग की शुरुआत में लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी मौजूद थे और कई पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका मिला। उनके मुताबिक, भारत ने तब भी रिश्ता सुधारने की पहल की थी, जबकि पाकिस्तान की ओर से वैसी भावना कभी नजर नहीं आई, यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्तों में आज जैसी तल्खियां नहीं थीं। उन्होंने सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मुद्दा भी उठाया और पूछा कि कितने भारतीय कलाकारों या गायकों को पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। गावस्कर ने कहा कि भारत हमेशा पहला कदम उठाता है और किसी तरह की फ्रबुलींगफ्र नहीं कर रहा, बल्कि अपनी राह पर चलता रहा है। उनकी यह प्रतिक्रिया उस समय सामने आई है जब पाकिस्तान ने 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले भारत के खिलाफ मैच में उतरने से इनकार कर दिया है। हालांकि पाकिस्तान सरकार ने टीम को टूर्नामेंट में खेलने की मंजूरी दे दी है, लेकिन भारत के खिलाफ मुकाबले को लेकर रुख सख्त बना हुआ है। यह फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश के समर्थन में लिया है, जिसे वेन्यू बदलने की अनुमति नहीं मिली और वह टूर्नामेंट से हट गया। उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया। इस मुद्दे पर आईसीसी ने नाराजगी जताते हुए पीसीबी को चेतावनी दी है कि बहिष्कार का यह फैसला पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को नुकसान पहुंचा सकता है और वैश्विक क्रिकेट के हित में बिल्कुल नहीं है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें, तो भारतीय टीम पूरी तरह हावी रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 8 मुकाबलों में भारत ने 7 बार जीत दर्ज की है।

# बॉक्सम एलीट 2026: सचिन और लवलीना की अगुवाई में 12 भारतीय फाइनल में पहुंचे

**ला नुसिया (एजेंसी)।** शानदार प्रदर्शन से भरे एक और सेशन के बाद आठ महिलाओं और चार पुरुषों सहित 12 भारतीय बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 के आखिरी दिन गोल्ड के लिए मुकाबला करेंगे। पुरुषों की तरफ से सचिन (60किग्रा) ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने इंग्लैंड के जैक ड्राइडन पर एक और शानदार जीत के साथ अपनी बेहतरीन लय जारी रखी। महिलाओं के सेक्शन में, ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) ने वेल्स की रोजी एक्लेस पर सर्वसम्मत जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

ला नुसिया, एलिकांटे, स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज़्यादा मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया। शनिवार के फाइनल में भारत (12) सबसे ज़्यादा प्रतिनिधित्व वाला देश है - जो दिग्गज कजाकिस्तान (11), यूक्रेन (5), और मेजबान स्पेन (4) से आगे है - और कम से




कम एक गोल्ड पक्का है, क्योंकि एलीट महिला 54किग्रा का फाइनल पूरी तरह से भारतीयों के बीच होगा।

भारत की महिलाओं ने अलग-अलग कैटेगरी में सेमीफाइनल में शानदार जीत के साथ अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें 54किग्रा कैटेगरी में गोल्ड पक्का होना सबसे खास रहा, जहां प्रीति और पूनम खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। इसके अलावा, मंजू रानी (48), नीतू (51), प्रिया (60), अरुंधति चौधरी (70) और नैना (80) सभी ने शानदार जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई, जो अलग-अलग वेट क्लास में भारत की गहराई और निरंतरता को दिखाता है।

पुरुषों की प्रतियोगिता में दीपक (70), आकाश (75) और अंकुश (80) के शानदार प्रदर्शन से भारत के और फाइनलिस्ट बने। दीपक ने कजाकिस्तान के वल्र्ड बॉक्सिंग कप फाइनल के सिल्वर मेडलिस्ट नुरबेक मुरसल के खिलाफ पहले राउंड में ही आरएससी से जीत हासिल करके सेशन के सबसे खास पलों में से एक दिया, जबकि आकाश और अंकुश ने कजाख विरोधियों के खिलाफ मुश्किल मुकाबलों में जीत हासिल करके शनिवार को गोल्ड मेडल के मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की।

भारत के कैंपेन में कई बॉक्सर्स सेमीफाइनल में हारने के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पोडियम पर पहुंचे, जिनमें महिलाओं के मुकाबले में प्रांजल यादव (65), काजल (65), सनामचा चानू (75) और मनकीरत कौर (80 ) शामिल हैं। पुरुषों के ड्रॉ में जदुमणि सिंह (55), मोहम्मद हुसाम उद्दीन (60), और हितेश गुलिया (70) ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

# एलेक्जेंड्रोवा ने मैच पॉइंट बचाकर अबू धाबी फाइनल में जगह बनाई



अबू धाबी (एजेंसी)। एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने मुबाडाला अबू धाबी ओपन फाइनल में पहुंचने के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया, शुक्रवार शाम को तीन सेट में हैली बैपटिस्ट को हराने से पहले एक मैच पॉइंट बचाया। बैपटिस्ट ने पहला सेट जीता और दूसरे सेट में 5-4 पर एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पर मैच पॉइंट हासिल किया। एलेक्जेंड्रोवा ने इसे बचाया, सर्विस बरकरार रखी, और सेट को टाईब्रेक तक पहुंचाया, जहां उन्होंने 5-4 से पीछे होने के बाद अंतिम तीन पॉइंट जीतकर निर्णायक सेट के लिए मजबूर किया। उन्होंने तीसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बरकरार रखी, 2-0 से बढ़त बनाई और 4-2 से आगे रहते हुए थोड़े समय के लिए लड़खड़ाने के अलावा, ढाई घंटे में 3-6, 7-6 (5), 6-3 की जीत के साथ मैच को नियंत्रित किया। इस जीत के साथ वह अपने करियर के 13वें फाइनल में पहुंच गई हैं। एलेक्जेंड्रोवा ने कोर्ट पर इंटरव्यू में हंसते हुए कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने मैच के दौरान इसके बारे में नहीं सोचा था। (लेकिन) आप जानते हैं, इस मुश्किल मैच के बाद, मुझे लगता है कि यह काफी अच्छी खबर है जो आपने मुझे अभी बताई।' अन्य सकारात्मक बातों में उनके द्वारा लगाए गए 33 विनर्स और यह तथ्य शामिल है कि उन्होंने सर्विसिंग की लड़ाई में बैपटिस्ट को पछाड़ दिया, लेकिन शनिवार के फाइनल से पहले अभी भी बहुत कुछ सुधार करने की ज़रूरत है। उन्होंने 59 अनफोर्स्ड एरर किए और नेट पर काफी संघर्ष किया, पास से 13 में से सिर्फ 4 पॉइंट जीते। उन्होंने शुक्रवार को साबित कर दिया कि वह इन आंकड़ों से उबर सकती हैं, लेकिन उन्हें सारा बेजलेक के खिलाफ और भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जो क्वालीफाइंग से आई हैं और सेमीफाइनल में क्लारा टौसन को दो घंटे 49 मिनट में 7-5, 3-6, 7-5 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची हैं।

# भारत के खिलाफ मैच से इनकार पर आईसीसी ने पाकिस्तान से मांगा जवाब

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच से इनकार को वह 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान के तहत कैसे सही ठहरा सकता है। पीसीबी ने हाल ही में आईसीसी को पत्र लिखकर दावा किया था कि पाकिस्तान सरकार के निर्देश के कारण टीम 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस अहम मुकाबले में हिस्सा नहीं ले सकती। अब आईसीसी ने इस दावे पर गंभीर सवाल उठाते हुए विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। आईसीसी ने अपने जवाब में पूछा है कि जब पाकिस्तान टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी सभी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ भारत के खिलाफ मुकाबले से हटने को 'फोर्स मेज्योर' कैसे माना जा सकता है। संस्था का कहना है कि किसी एक मैच को चुनकर उससे इनकार करना टूर्नामेंट के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है और इससे खेल की निष्पक्षता पर भी असर पड़ता है। पीसीबी ने सरकार के सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला देते हुए दावा किया था कि यह स्थिति 'फोर्स मेज्योर' के तहत आती है, क्योंकि यह उनके नियंत्रण से बाहर है। हालांकि आईसीसी का मानना है कि इस प्रावधान का इस्तेमाल तभी मान्य माना जाता है जब घटना अप्रत्याशित, अनिवार्य और अपरिहार्य हो, और प्रभावित पक्ष इस बात के प्रमाण दे कि उसने नुकसान को कम करने के लिए सभी संभव प्रयास किए। सिर्फ राजनीतिक असहमति या असुविधा इस प्रावधान के तहत नहीं आती। सूत्रों के अनुसार, पीसीबी ने आईसीसी की औपचारिक चिट्ठी प्राप्त होने के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू कर दिया है। आईसीसी इस मुद्दे को सुलझाने के लिए पीसीबी के साथ लगातार संपर्क में है और चाहता है कि क्रिकेट के हित में कोई संतुलित समाधान निकले। पाकिस्तान सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि टीम केवल भारत के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं लेगी, जबकि बाकी सभी मुकाबले खेलेगी।

# हार्दिक पांड्या का बड़ा लक्ष्य: 'मैं भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहता हूं'

**मुंबई (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के पहले मुकाबले से पहले हार्दिक पांड्या पूरे आत्मविश्वास और जुनून के साथ नज़र आ रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक का मानना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका असली सफर अब शुरू हुआ है। 10 साल के अनुभव के साथ वह खुद को पहले से ज्यादा परिपक्व, खतरनाक और प्रभावशाली खिलाड़ी मानते हैं। उनका लक्ष्य साफ है—भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी जीतना और बड़े मंच पर खुद को निर्णायक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना।

## वानखेड़े में सबकी नजरें हार्दिक पर

जब टीम इंडिया USA के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगी, तो हार्दिक पांड्या आकर्षण का केंद्र होंगे। उनके आत्मविश्वास, आक्रामक शॉट्स, मैदान पर ऊर्जा और बड़े मौकों पर प्रदर्शन ने उन्हें भारत के सबसे भरोसेमंद मैच-विनर खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है। फैंस को उम्मीद है कि पूरे टूर्नामेंट में हार्दिक अपने खेल से कई यादगार पल देंगे।

## 'मेरा सफर अभी शुरू हुआ है'

स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में हार्दिक ने कहा कि वह भारत के लिए कम से कम चार से पांच और आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहते हैं। उनके अनुसार, 10 साल का अंतरराष्ट्रीय अनुभव उन्हें और ज्यादा मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज के तौर पर उनकी क्षमता अब और निखर कर सामने आएगी और वह विरोधी टीमों के लिए 'डरावने' साबित हो सकते हैं।


## जीत और प्रदर्शन पर पूरा फोकस

हार्दिक ने साफ किया कि उनके लिए खेल की कीमत किसी भी ब्रांड या चीज़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैदान पर लिया गया हर कैच और खेली गई हर गेंद सबसे कीमती होती है। यह बयान उनके प्रोफेशनल रवैये और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

## टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अहम भूमिका

भारत की 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीत में हार्दिक पांड्या का योगदान बेहद अहम रहा। उन्होंने छह पारियों में 144 रन बनाए, उनका औसत 48.00 और स्ट्राइक रेट 151 से ज्यादा रहा। गेंदबाजी में भी उन्होंने 11 विकेट झटके। फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3/20 का प्रदर्शन कर उन्होंने मैच का रुख भारत के पक्ष में मोड़ दिया।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अनसंग हीरो



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हार्दिक भले ही सुर्खियों में कम रहे हों, लेकिन उनका योगदान निर्णायक था। उन्होंने चार पारियों में उपयोगी रन बनाए और जरूरत के समय विकेट भी लिए। उनकी छोटी लेकिन प्रभावी पारियों ने भारत को खिताब जीतने में मदद की।

# ओलंपियन सुशील कुमार की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनकड़ की हत्या से जुड़े मामले में आरोपी ओलंपियन सुशील कुमार की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें सुशील कुमार ने नियमित जमानत की मांग की थी। सुशील कुमार और अन्य आरोपियों पर आरोप है कि मई 2021 में कथित संपत्ति विवाद के चलते उन्होंने सागर धनकड़ और उनके साथियों पर जानलेवा हमला किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया था कि धनकड़ को किसी भारी वस्तु से सिर में गंभीर चोट पहुंचाई गई, जिसके कारण उनकी मौत हुई। इस घटना में धनकड़ के दो दोस्त भी घायल हुए थे। घटना के तुरंत बाद सुशील कुमार को मई 2021 में गिरफ्तार कर लिया गया था। इससे पहले अदालत ने 19 जुलाई 2023 को उनकी घुटने की सर्जरी के लिए एक सप्ताह की अंतरिम जमानत मंजूर की थी। लेकिन नियमित जमानत को लेकर उनकी पिछली अर्जी और अब दायर ताजा अर्जी दोनों को अदालत ने निरस्त कर दिया। अक्टूबर 2022 में अदालत ने भारतीय दंड संहिता की हत्या, आपराधिक साजिश, धमकी और घातक हथियारों से दंगा करने जैसी गंभीर धाराओं में सुशील कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे। इसके अतिरिक्त, उनके विरुद्ध हथियार अधिनियम के तहत भी कार्रवाई तय की गई है। अदालत ने माना था कि धनकड़ को कथित रूप से अगवा कर स्टेडियम लाया गया और वहां कई आरोपियों ने बेसबॉल व हॉकी स्टिक से उन पर हमला किया।

